


दैनिक समाचार पत्र

# देश का दर्पण न्यूज

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटल अख़बार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co

वर्ष-4, अंक-218 | जयपुर, शनिवार, 06 सितम्बर, 2025 | मूल्य : 5.00 | पेज:


## साल का अंतिम चंद्रग्रहण 7 सितंबर को

साल 2025 का अंतिम चंद्रग्रहण 7 सितंबर की रात को लगने जा रहा है, जो भारत सहित दुनिया के कई हिस्सों में साफ तौर पर देखा जा सकेगा। यह एक पूर्ण चंद्रग्रहण होगा जिसकी कुल अवधि करीब 3 घंटे 30 मिनट रहेगी, जबकि पूर्ण ग्रहण का चरण रात 11:01 से 12:23 तक यानी लगभग 1 घंटे 22 मिनट तक रहेगा। खास बात यह है कि यह ग्रहण पितृ पक्ष शुरू होने से ठीक पहले लगेगा, जिससे इसका धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है। चंद्रग्रहण के दौरान सूतक काल की मान्यता होती है, जो ग्रहण शुरू होने से करीब 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है। इस अवधि में पूजा-पाठ, खाना पकाना और किसी भी प्रकार के शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या पितृ पक्ष के पहले दिन श्राद्ध करना उचित होगा या नहीं? आइए जानते हैं इस चंद्रग्रहण से जुड़ी जरूरी जानकारियां, सूतक काल की शुरूआत का समय, और श्राद्ध से संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी।

**सूतक काल कब से ?**

चंद्रग्रहण की शुरूआत 7 सितंबर की रात 9 बजकर 57 मिनट पर होगी। इसके हिसाब से सूतक काल ग्रहण शुरू होने से लगभग 9 घंटे पहले, यानी 7 सितंबर की दोपहर 1 बजकर 57 मिनट से शुरू हो जाएगा। सूतक काल शुरू होते ही सभी मंदिरों के दरवाजे बंद कर दिए जाते हैं और धार्मिक अनुष्ठान या शुभ कार्य रोक दिए जाते हैं। इस दौरान खाने-पीने की चीजों में तुलसी के पत्ते या दूर्वा डालना शुभ माना जाता है। चूंकि यह चंद्रग्रहण भारत में दिखाई देगा, इसलिए सूतक काल भी भारत में वैध और मान्य माना जाएगा। इस समय सावधानी बरतना और नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक होता है।

चंद्रग्रहण के लिए सूतक काल ग्रहण आरंभ होने से 9 घंटे पहले शुरू होता है।

सूर्यग्रहण के लिए सूतक काल ग्रहण आरंभ होने से 12 घंटे पहले शुरू होता है।

चंद्रग्रहण और सूर्यग्रहण के सूतक काल में 3 घंटे का अंतर होता है।

इस समय भगवान की मूर्तियों को स्पर्श नहीं किया जाता।

सभी मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाते हैं।

ग्रहण काल में खाना-पीना वर्जित होता है।

इस समय पूजा-पाठ या अन्य शुभ कार्य नहीं किए जाते।

घर और मंदिर की साफ-सफाई की जाती है।

दान-पुण्य और धार्मिक कार्य किए जाते हैं।

# जुआ युवाओं को बर्बाद कर रहा था, इसलिए बनाए नया कानून: मोदी

## गेमिंग बुरा नहीं है, लेकिन जुआ युवाओं और परिवारों को बर्बाद कर रहा था: मोदी

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सरकार ने युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए ऑनलाइन गेमिंग को नियंत्रित करने वाला नया कानून बिना किसी दबाव के लागू किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गेमिंग बुरा नहीं है, लेकिन जुआ युवाओं और परिवारों को बर्बाद कर रहा था। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के साथ संवाद में कहा कि 'ऑनलाइन गेमिंग प्रचार और विनियमन अधिनियम, 2025' छात्रों और परिवारों को लत, आर्थिक शोषण और हिंसक सामग्री से बचाने के लिए लाया गया है। इस कानून के तहत सभी तरह के ऑनलाइन मनी गेम्स पर रोक रहेगी, जबकि ई-स्पोर्ट्स और सकारात्मक ऑनलाइन गेम्स को प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत यदि सही दिशा में प्रयास करे तो वैश्विक ऑनलाइन गेमिंग बाजार पर प्रभुत्व जमा सकता है, साथ ही इसमें रोजगार की भारी संभावनाएं भी हैं। पीएम मोदी ने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे छात्रों को गेमिंग और जुए के अंतर के बारे में जागरूक करें। प्रधानमंत्री ने बताया कि कई लोग, खासकर युवा और गृहिणियां, ऑनलाइन जुए में फंसकर कर्ज और आत्महत्या जैसे खतरनाक हालात तक पहुंच रहे थे।

**इसलिए सख्त कदम उठाना पड़ा...**






पीएम मोदी ने आगे इस बात पर जोर दिया कि आखिर क्यों ऐसा सख्त कदम उठाना पड़ा। इस बात पर उन्होंने कहा कि यह एक नशे की तरह फैल रहा था, इसलिए सरकार को सख्त कदम उठाना पड़ा। उन्होंने नवाचार और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने पर भी बल दिया। पीएम मोदी ने बताया कि देशभर में 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स स्थापित हो चुकी हैं और 50,000 नई लैब्स मंजूर की गई हैं। कहा, शिक्षक आने वाली पीढ़ी को जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। इसको लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने चिंता जताते हुए कहा कि ऑनलाइन जुए ने कई परिवारों को आर्थिक नुकसान पहुंचाया है।

## ऑनलाईन गेमिंग: महिलाएं-युवा इसकी चपेट में आए

महिलाएं और युवा इसकी चपेट में आए हैं और कई मामलों में लत इतनी गंभीर हो गई कि आत्महत्या तक की नौबत आ गई। सरकार अब ऐसे खतरों पर सख्ती से रोक लगाने के लिए प्रतिबद्ध है।

**शिक्षकों की भूमिका को बताया अहम**

पीएम मोदी ने आगे शिक्षकों को चाहिए कि वे छात्रों को इस लत से बचाएं और समझाएं कि ऑनलाइन गेमिंग कैसे जिम्मेदारी से की जाए।



उन्होंने बताया कि ओलंपिक में भी अब ई-गेमिंग शामिल है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि बच्चे लत का शिकार हों।

**क्या कहता है नया कानून?**

बता दें कि सरकार द्वारा लागू किए गए ह्यऑनलाइन गेमिंग प्रचार और विनियमन अधिनियम, 2025ह्ल के तहत ऑनलाइन पैसे वाले गेम्स यानी ऑनलाइन जुए पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। वहीं, ई-स्पोर्ट्स और कौशल आधारित गेमिंग को बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया है। इस कानून के तहत जुए से जुड़े किसी भी विज्ञापन पर रोक होगी और बैंकों व वित्तीय संस्थानों को ऐसे गेम्स के लिए फंड ट्रांसफर करने से भी मना किया गया है।

## टैरिफ: घबराने की जरूरत नहीं, बातचीत चल रही है: गोयल



**नई दिल्ली**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी टैरिफ की वजह से उपजे तनाव को लेकर बड़ी बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय वस्तुओं पर 50 फीसदी टैरिफ को लेकर अमेरिका के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि भारत और अमेरिका एक न्यायसंगत, संतुलित और निष्पक्ष समझौते पर पहुंचेंगे। पीयूष गोयल ने एएनआई को दिए एक साक्षात्कार में आश्वासन दिया कि भारत और अमेरिका के बीच अच्छे संबंध बने रहेंगे। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि घबराने की कोई जरूरत है।

हमें बातचीत होने देनी चाहिए। अमेरिका के साथ हमारे अच्छे संबंध बने हुए हैं। मुझे विश्वास है कि हम इनमें से कुछ मुद्दों को सुलझाकर एक न्यायसंगत, संतुलित और निष्पक्ष समझौते पर पहुंचेंगे।'

**'बातचीत में कोई समय-सीमा नहीं होती'**

बातचीत की समय-सीमा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'बातचीत में कोई समय-सीमा नहीं होती। आपको इसे धैर्यपूर्वक करना चाहिए, क्योंकि आप इसे दीर्घकालिक रूप से कर रहे हैं।' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले भारतीय सामानों पर 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। शुरूआत में ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की थी, जबकि बाद में उन्होंने भारत की ओर से रूसी तेल के निरंतर आयात का हवाला देते हुए 25 फीसदी का और टैरिफ लगाया, जिससे कुल टैरिफ 50% हो गया।

## बिहार चुनाव: बयानबाजी से बचें, जमीनी स्तर पर करें काम: अमित शाह

**नई दिल्ली**

बिहार में इस साल के अंत तक विधानसबा के चुनाव होने है। इसके लिए राजनातिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी तेज कर दी है। ऐसे में गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में प्रदेश के नेताओं को बेवजह की बयानबाजी से बचने और विपक्षी महागठबंधन के मुद्दों के खिलाफ जमीनी स्तर पर सक्रिय अभियान चलाने की नसीहत दी है। कोरग्रुप की बैठक में शाह ने साफ कर दिया है कि इस बार उम्मीदवारों के चयन में स्थानीय कार्यकताओं की भावनाओं को पहली प्राथमिकता मिलेगी। उन्होंने राज्य इकाई को जल्द से जल्द चुनाव अभियान समिति गठित करने सभी विधानसभा सीटों पर सक्रियता बढ़ाने का भी निर्देश दिया है।




**चार घंटे तक चली बैठक**

बुधवार को करीब चार घंटे बैठक में विपक्षी महागठबंधन की ओर से एसआईआर के खिलाफ जारी अभियान की काट पर बैठक हुई। इस दौरान प्रदेश के नेताओं को जीएसटी दर में परिवर्तन के कारण नवरात्र से गरीबों और मध्य वर्ग को मिलने वाली राहत का जोरशोर से प्रचार करने का निर्देश दिया गया।

## जघन्य अपराधों पर सख्त सुप्रीम कोर्ट, कहा- जरूरी हैं अधिक समर्पित एनआईए अदालतें

### जघन्य अपराध करने वाले अपराधी न्याय प्रणाली को हाईजैक करने और अदालतों पर जमानत देने के दबाव डालने की कोशिश करते हैं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने जघन्य अपराधों की त्वरित सुनवाई के लिए और अधिक समर्पित एनआईए अदालतों की आवश्यकता पर जोर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा, जघन्य अपराध करने वाले अपराधी न्याय प्रणाली को हाईजैक करने और अदालतों पर जमानत देने के दबाव डालने की कोशिश करते हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ के समक्ष



अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भट्टी ने बताया कि केंद्र समर्पित एनआईए अदालतें स्थापित करने के लिए राज्यों के साथ परामर्श कर रहा है। इस संबंध में जल्द ही निर्णय लिया जाएगा।

पीठ ने भाटी से कहा कि जघन्य अपराधों में समयबद्ध तरीके से सुनवाई पूरी करना समाज के हित में है और यह दुर्दांत अपराधियों के लिए निवारक का काम करता है। यह आपके लिए प्रोत्साहन का एक अवसर है। कभी-कभी ये दुर्दांत अपराधी पूरी न्याय व्यवस्था को अपने नियंत्रण में ले लेते हैं और मुकदमे को पूरा नहीं होने देते, जिसके परिणामस्वरूप अदालतें देरी के आधार पर उन्हें जमानत देने के लिए मजबूर हो जाती हैं।

## गवाह को संरक्षण जमानत निरस्त करने का विकल्प नहीं: सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि गवाहों को धमकी देने वाले आरोपियों की जमानत रद्द की जानी चाहिए, न कि संरक्षण के लिए गवाहों को बाध्य किया जाना चाहिए। गवाह संरक्षण जमानत रद्द करने का विकल्प नहीं हो सकता। शीर्ष कोर्ट ने यह टिप्पणी इलाहाबाद हाईकोर्ट की ऐसी प्रथा पर सवाल उठाते हुए की है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि धमकियों के कारण अभियुक्तों की जमानत रद्द करने की मांग करने वाले लोगों को गवाह संरक्षण योजना के तहत राहत के लिए बाध्य किया जा रहा है। ऐसा कानून की गलत धारणा के आधार पर किया जा रहा है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा, हमें यह जानकर निराशा हुई है कि इस तरह का आदेश पारित करने की प्रथा दो वर्षों से भी अधिक समय से प्रचलन में है। पीठ ने कहा, इलाहाबाद हाईकोर्ट की वेबसाइट पर एक साल में पारित ऐसे कम से कम 40 आदेश मिले हैं। हैरानी की बात यह है कि सभी आदेश एक-दूसरे की हूबहू नकल हैं। यह दुखद है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने फिरेराम की अपील पर हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें हत्या के आरोपी की धमकियों के आधार पर जमानत रद्द करने की याचिका पर विचार करने के बजाय, गवाह को 2018 की योजना का लाभ उठाने को कहा गया था। पीठ ने हाईकोर्ट को जमानत रद्द करने की अर्जी पर चार सप्ताह के भीतर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया।

**जमानत सिर्फ रिहा करने वाला यांत्रिक आदेश नहीं : सुप्रीम कोर्ट**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जमानत को केवल किसी व्यक्ति को हिरासत से रिहा करने वाले यांत्रिक आदेश के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी इलाहाबाद हाईकोर्ट की उस प्रथा पर की है।

## देश के 47% मंत्रियों पर क्रिमिनल केस

### 653 मंत्रियों में से 174 पर मर्डर-रेप जैसे गंभीर आरोप; इनमें भाजपा के 136, कांग्रेस के 45 मिनिस्टर




**नई दिल्ली**

देशभर के 302 मंत्री (करीब 47%) खुद पर आपराधिक केस होने की बात स्वीकार कर चुके हैं। इनमें 174 मंत्री ऐसे हैं, जिन पर हत्या, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं। वहीं, केंद्र सरकार के 72 मंत्रियों में से 29 (40%) ने आपराधिक केस होने की बात मानी है। यह जानकारी चुनाव सुधार संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में सामने आई है। अऊफ ने 27 राज्यों, 3 केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्र सरकार के कुल 643 मंत्रियों के शपथ पत्रों (एफिडेविट) का विश्लेषण किया। कहा कि जिन शपथ पत्रों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है, वे 2020 से 2025 के बीच चुनावों के दौरान दाखिल हुए थे। केंद्र सरकार ने हाल ही में एक प्रस्ताव रखा था, जिसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक मामलों में 30 दिन की गिरफ्तारी के बाद पद से हटाने की बात कही गई थी। **भाजपा** -336 मंत्रियों में से 136 (40%) पर आपराधिक केस हैं, वहीं 88 (26%) पर गंभीर आरोप हैं। **कांग्रेस-** 61 मंत्रियों में से 45 (74%) पर केस हैं, 18 (30%) पर गंभीर आरोप हैं।

## फर्जी एग्रीमेंट/किसान क्रेडिट कार्ड से लिया ऋण, दूसरे काम में लगाया पैसा

**नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), विशाखापत्तनम उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने फर्जी किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) मछली टैंक ऋण लेकर केनरा बैंक, कंचारपालेम शाखा, विशाखापत्तनम से धोखाधड़ी के एक मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत 2.20 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्ति और 1.36 लाख रुपये मूल्य की चल संपत्ति (कुल 2.22 करोड़ रुपये) अनंतिम रूप से कुर्क की है। कुर्क की गई संपत्तियां डोडला वेंकट कृष्ण कुमार और उनकी पत्नी डोडला सुनीता के नाम पर आवासीय फ्लैट, भूखंडों व बैंक बैलेंस के रूप में हैं। उन्होंने केसीसी मछली टैंक ऋण राशि से ये संपत्तियां जुटाई थी। यह लोन देवसनी निर्मला, अदारी चंद्रकला और कोव्वुरी श्रीनिवास ने केनरा बैंक, कंचारपालेम शाखा, विशाखापत्तनम से लिया गया था।

## रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया की रिपोर्ट- भारत में बुजुर्ग बढ़े

### केरल में सबसे ज्यादा; 50 साल में बच्चों की आबादी भी 17% घटी

### 0-14 आयु वर्ग की हिस्सेदारी और प्रजनन दर में गिरावट



**नई दिल्ली**

2023 के नमूना पंजीकरण प्रणाली की रिपोर्ट पर गौर करें तो भारत के सामने बुढ़ापे की चिंता साफ झलक रही है। आंकड़े सवाल कर रहे हैं कि क्या भारत बूढ़ा हो रहा है। दरअसल रिपोर्ट के मुताबिक जनसंख्या में 0 से 14 आयु वर्क की हिस्सेदारी कम होती जा रही है। साथ प्रजनन दर में भी गिरावट के संकेत हैं। रिपोर्ट दशार्ती है कि जनसंख्या में कामकाजी आयु वर्ग का अनुपात बढ़ रहा है, वृद्धों की जनसंख्या में वृद्धि हो रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 0-14 आयु वर्ग का हिस्सा 1971-1981 के दौरान कुल जनसंख्या में 41.2 फीसदी से घटकर 38.1 फीसदी और 1991-2023 के दौरान 36.3 फीसदी से घटकर 24.2 फीसदी हो गया है। यह ऐसे समय में हो रहा है जब भारत के महापंजीयक के एसआरएस डाटा के मुताबिक देश की कुल प्रजनन दर 1971 में 5.2 से घटकर 2023 में 1.9 हो जाएगी। 2023 की रिपोर्ट में एसआरएस नमूना सर्वेक्षण के माध्यम से एकत्रित आंकड़ों के आधार पर विभिन्न जनसांख्यिकीय, प्रजनन और मृत्यु दर संकेतकों के अनुमान शामिल हैं। भारत में एसआरएस दुनिया के सबसे बड़े जनसांख्यिकीय सर्वेक्षणों में से एक है। इसमें लगभग 88 लाख नमूना जनसंख्या शामिल है।

**दिल्ली का ग्रामीण इलाका इकलौता जहां 0-14 आयु वर्ग में महिलाएं अधिक**

रिपोर्ट में कहा गया है, आंकड़े बताते हैं कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में, 0-14 आयु वर्ग में पुरुषों का प्रतिशत महिलाओं की तुलना में अधिक है, सिवाय दिल्ली के ग्रामीण इलाकों के, जहां महिलाओं का अनुपात पुरुषों से अधिक है। यह कुल जनसंख्या में आर्थिक रूप से सक्रिय समूह (15-59 वर्ष) के अनुपात में लगातार वृद्धि दशार्ता है।

**आर्थिक रूप से सक्रिय आयु वर्ग की आबादी बिहार में सबसे कम**

रिपोर्ट के मुताबिक आर्थिक रूप से सक्रिय समूह (15-59 वर्ष) की आबादी बिहार में सबसे कम 60.1 फीसदी है। इस वर्ग की जनसंख्या राजस्थान में 63.4 प्रतिशत, और उत्तराखंड तथा मध्य प्रदेश दोनों में 63.9 फीसदी है। शहरी क्षेत्र, आर्थिक गतिविधियों का केंद्र होने के कारण, इस आयु वर्ग को आकर्षित करते हैं, जो कुल जनसंख्या का 68.8 फीसदी है। इसके विपरीत, ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यशील आयु वर्ग की आबादी 64.6 फीसदी के साथ कम बनी हुई है।

# केंद्रीय मंत्री ने राहत पैकेज के मांग पत्र पर विचार करने के बाद सहायता का आश्वासन दिया

**अमृतसर/अजनाला/राजासांसी, 05 सितंबर:** (सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा) केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिव राज चौहान ने आज अजनाला विधानसभा क्षेत्र में रावी नदी की बाढ़ से पिछले 9 दिनों से बुरी तरह प्रभावित और विधानसभा क्षेत्र की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित घोहनेवाला गाँव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ितों का हालचाल जानने और राहत कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पंजाब कुलदीप सिंह धालीवाल ने मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों, विधायकों, आम आदमी पार्टी के नेताओं और पूरे जिला नागरिक एवं पुलिस प्रशासन



को जमीनी हकीकत से अवगत कराया और बाढ़ पीड़ितों को तत्काल राहत, बहुमूल्य जान बचाने और पुनर्वास कार्यों के लिए दी जा रही आवश्यक सहायता के साथ-साथ पंजाब के राज्यपाल, सेना, बीएसएफ, एनडीआरएफ, अन्य सरकारी एजेंसियों और सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा निभाई जा रही संतोषजनक भूमिका की भी जानकारी दी। इस नाजुक घड़ी में संगठनों की भूमिका अहम है। विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री धालीवाल ने जमीनी हकीकत से अवगत करवाते हुए केंद्रीय मंत्री से इन बाढ़ पीड़ितों के लिए शीघ्र राहत एवं पुनर्वास उपायों में केंद्र सरकार के तत्काल सहयोग की अपील की और कहा कि अजनाला विधानसभा क्षेत्र 49 किलोमीटर लंबी भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित है और बरसात के मौसम में सांप की तरह बहने वाली अंतरराष्ट्रीय रावी नदी का पानी लगभग हर साल अजनाला विधानसभा क्षेत्र में तबाही लेकर आता है। जबकि इस सीमावर्ती और रावी नदी क्षेत्र के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रहने वाले नागरिक पड़ोसी देश पाकिस्तान की भारत विरोधी साजिशों, नशीले पदार्थों, हथियारों और ड्रोन के माध्यम से घुसपैठ आदि को विफल करने के लिए बीएसएफ, पंजाब पुलिस और नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर सुरक्षा की दूसरी पंक्ति के रूप में कार्य करके देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। 1965, 1971, 1999 के कारगिल युद्धों और हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, ये सीमावर्ती लोग पड़ोसी देश की साजिशों के दांत खट्टे करने के लिए बीच, आजादी के बाद, इस क्षेत्र के बंजर और निर्जन जंगलों को किसानों और खेत मजदूरों द्वारा कड़ी मेहनत और सांपों के सिर को रौंदकर उपजाऊ भूमि में बदल दिया गया है।

## हर्षवर्धन जैन ने ढाई घंटे तक लगातार ऊर्जावान एवं प्रभावशाली संबोधन दिया



**जिनेश कुमार जैन के अनुसार**
श्री दिगम्बर जैन मंदिर, जवाहर नगर स्थित विद्या विनोद काला सभागार में आयोजित कार्यक्रम में देश के ख्यातनाम मोटिवेशनल स्पीकर, बिजनेस कोच एवं रिफॉर्मिस्ट श्री हर्षवर्धन जैन ने ढाई घंटे तक लगातार ऊर्जावान एवं प्रभावशाली संबोधन दिया। अपने उद्बोधन में श्री जैन ने जीवन में सफल आदतें अपनाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि – ह्लप्रयास करने से पंख लग जाते हैं और व्यक्ति जीरो से हीरो बन सकता है ह्व
उन्होंने यह भी बताया कि मानव शरीर भगवान का दिया हुआ अमूल्य उपहार है। इसका संरक्षण और देखभाल करना केवल हमारा कर्तव्य ही नहीं, बल्कि एक पवित्र धर्म है। शरीर की उपेक्षा करना, वास्तव में भगवान द्वारा दिए गए इस अनमोल उपहार का अपमान करने के समान है। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 8:00 बजे होना था, किंतु उससे पूर्व ही सभागार खचाखच भर गया। हजारों की संख्या में उपस्थित श्रोतागण श्री जैन के ओजस्वी विचारों से मंत्रमुग्ध होकर अंत तक ध्यानपूर्वक सुनते रहे। विशेष रूप से बच्चों और युवाओं ने बड़े उत्साह और गंभीरता के साथ उनके प्रेरणादायी संदेशों को आत्मसात किया। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट व्यवस्था की गई। अनुशासन, शांति एवं सुचारू संचालन के बीच यह आयोजन ऐतिहासिक रूप से सफल सिद्ध हुआ। श्री दिगम्बर जैन मंदिर प्रबंध समिति, जैन मंडल जवाहर नगर एवं सभी पदाधिकारियों के सहयोग से यह कार्यक्रम भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। जिनेश कुमार जैन ने बताया कि इस आयोजन ने समाज में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का संचार किया है।

## बाढ़ से शत-प्रतिशत क्षतिग्रस्त मकानों और मौतों का मुआवजा तुरंत जारी किया जाए - उपायुक्त

**अमृतसर 05 सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**
बाढ़ से शत-प्रतिशत क्षतिग्रस्त मकानों और मौतों का मुआवजा देने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाए ताकि आने वाले दिनों में पीड़ितों को मुआवजा दिया जा सके। ये शब्द उपायुक्त श्रीमती साक्षी साहनी ने आज अजनाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि प्रभावित नागरिकों के लिए राहत और पुनर्वास के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। उन्होंने जिला राजस्व अधिकारी को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के संबंधित एसडीएम और अन्य अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके मुआवजे और राहत सामग्री का समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र आम नागरिक इस राहत से वंचित नहीं रहना चाहिए।

## प्रभावित क्षेत्र में जरूरतमंदों तक पहुँचने के लिए सभी संगठन और व्यक्ति ज़िला प्रशासन की मदद लें - मीत हेयर

**अजनला,04सितंबर : ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**



सांसद श्री गुरमीत सिंह मीत हेयर, जो पिछले तीन दिनों से अपनी टीम के साथ राहत कार्यों में लगे हुए हैं और पंजाब व उसके पड़ोसी राज्यों से अजनाला निर्वाचन क्षेत्र में आ रही मदद और उसके वितरण पर कड़ी नजर रख रहे हैं, ने इन संगठनों और दानदाता हस्तियों से अपील की है कि वे अजनाला निर्वाचन क्षेत्र के जरूरतमंदों तक कोई भी सामान पहुँचाने के लिए ज़िला प्रशासन की मदद लें। शहजाद गाँव में प्रभावित लोगों को जरूरी सामान और दवाइयाँ बाँटते हुए उन्होंने अपील की कि नदी किनारे कुछ गाँव ऐसे हैं जहाँ लोग अपने घरों से पहने हुए कपड़े भी नहीं ले जा पा रहे थे, क्योंकि पानी बहुत तेजी से आया था। वे लोग अभी भी ऊँचे स्थानों पर या राहत शिविरों में उन्हीं आठ दिन पुराने कपड़ों में बैठे हैं। उनके घरों में दरारें आ गई हैं, घर का सारा सामान जो पिछले सात-आठ दिनों से पानी में है, नष्ट हो गया है, इसलिए इन लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए या उन्हें उनके बीच वितरित करने के लिए, यह आवश्यक है कि हमारा सामान सही हाथों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला प्रशासन से बेहतर कोई संसाधन नहीं है, इसलिए जो भी सज्जन यहां आना चाहते हैं या कोई सामग्री देने के लिए यहां आ रहे हैं, उन्हें जिला प्रशासन से जरूर संपर्क करना चाहिए। इस बीच, हलका विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल ने देश भर से आ रही मदद के लिए संगठनों और दानदाताओं का धन्यवाद किया और कहा कि हमें आपके सहयोग की बहुत आवश्यकता है, लेकिन मेरा अनुरोध है कि आपके द्वारा दी गई मदद जरूरतमंदों तक पहुंचे, इसलिए आप इस कार्य के लिए हमारे द्वारा स्थापित नियंत्रण कक्ष से जरूर संपर्क करें।

## मजीठा हलका इंचार्ज श्री गिल ने बाढ़ प्रभावित परिवारों की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 1000 किट दीं

**अमृतसर,05 सितंबर :**
**( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )** मुख्यमंत्री पंजाब श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पूरा जिला प्रशासन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक राहत और बचाव कार्य कर रहा है और स्वयंसेवी संस्थाएँ भी इस कार्य में अपना पूरा सहयोग दे रही हैं।
ये शब्द मजीठा हलका इंचार्ज श्री तलबीर सिंह गिल ने बाढ़ प्रभावित परिवारों की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 1000 दवाइयों की किटें राहत कार्यों के लिए जिला प्रशासन को सौंपते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में वे और भी दवाइयों की किटें तैयार करके प्रभावित परिवारों तक पहुँचाएँगे। श्री गिल ने कहा कि आपदा की इस घड़ी



में सभी पंजाबियों को मिलकर इन जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। श्री गिल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता पूरी मेहनत और लगन से आपदा के समय हर समय जरूरतमंद लोगों की सेवा करते हैं। समाज सेवी संस्थाएँ भी इसमें पूरा सहयोग दे रही हैं, हम लगातार राहत सामग्री भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार लोगों को हुए नुकसान का आकलन कर रही है और प्रभावित परिवारों को राशन, तिरपाल, पशुओं के लिए चारा, चिकित्सा सहायता और अन्य जरूरी सुविधाएँ मुहैया कराई जा रही हैं। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर श्रीमती साक्षी साहनी और एसएसपी ग्रामीण श्री मनिंदर सिंह ने दवा किटें प्राप्त करते हुए अन्य संस्थाओं से भी इस नेक काम के लिए आगे आने की अपील की।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के लिए सूखा चारा, भूसा और अचार की आवश्यकता है - बंदेशा

**अजनला, 05सितंबर: ( सुरेश रहेजा, परवीन कुमार, साहिल रहेजा )**



आम आदमी पार्टी के अमृतसर लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी श्री जसकरन सिंह बंदेशा, जिनका अपना क्षेत्र भी बाढ़ से पूरी तरह प्रभावित है, ने अजनाला क्षेत्र में राहत सामग्री लेकर देश भर से आए भाइयों का धन्यवाद किया और कहा कि संकट की इस घड़ी में आपने जिस तरह पंजाब का साथ दिया है, वह अपने आप में बहुत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आज मैं अपनी टीम के साथ थोबा, कल्लो महल, गग्गो महल, सूफियान, कोट रजादा, फतेवाल, घोनेवाल, माछीवाल और ग्रंथगढ़ आदि गाँवों में जाकर लोगों का हालचाल लिया और यह बात सामने आई है कि अब लोगों के पास खाने-पीने की वस्तुओं की कोई कमी नहीं है। हमारे पंजाबी भाइयों ने बड़ी उदारता दिखाते हुए अजनाला वासियों के लिए पीने के पानी, सूखे राशन और खाने-पीने के ढेरों भंडार खोल दिए हैं। उन्होंने कहा कि अब इस क्षेत्र में पशुओं के लिए चारे की कमी हो गई है। श्री बदेशा ने कहा कि चूंकि इस क्षेत्र की सभी फसलें, जिनमें मुख्य रूप से धान शामिल है, और पशुओं के लिए चारा पूरी तरह से नष्ट हो गया है। लोगों द्वारा संग्रहीत भूसा और अचार भी बाढ़ में बह गए हैं। इसलिए, पशुओं को चारे की आवश्यकता अभी भी महसूस हो रही है। उन्होंने पूरे पंजाब से आने वाले नायकों से अनुरोध किया कि वे अन्य वस्तुओं की बजाय पशुओं के लिए चारा, पशुओं के लिए सूखा भूसा या अचार आदि भेजने की कृपा करें। इस अवसर पर उनके साथ बलविंदर सिंह काला, हरप्रीत सिंह सोहल हलका इंचार्ज संगठन अजनाला, सुखबीर कौर माझा इंचार्ज महिला

# दीपक की तरह जलकर समाज को रोशनी देने का काम करता है शिक्षक - डॉ मनोज

**उक्त वक्तव्य** पर राजकीय महाविद्यालय बाड़ी के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह ने कहे ,डॉ. सिंह चकोली शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास समिति के 27 वें वार्षिक छात्रवृत्ति एवं सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि शिक्षक सदैव अपने छात्र के हित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करता है और जब उसका छात्र समाज में उच्च स्थान पर पद स्थापित हो जाता है तो यह एक शिक्षक के लिए सबसे गौरवपूर्ण होता है।
उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समिति पिछले 27 वर्षों से निरंतर कार्य कर रही है निश्चित रूप से डॉ.ए पी शर्मा ने समिति के लिए जो सपना



देखा था समिति के पदाधिकारी उसे पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं उन्होंने कहा कि यदि आप किसी को कुछ देना चाहते हैं तो उसकी शिक्षा दें शिक्षा से बढ़कर और कोई दान नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आज भारत विश्व गुरु के रूप में पूरे ब्रह्मांड में अपनी रोशनी बिखेर रहा है। इस अवसर पर समिति के संरक्षक पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री ने कहा कि समिति अपने मूल आदर्श पर कार्य कर रही है और यह कारवां निरंतर जारी रहेगा उन्होंने कहा कि 2 छात्रों के साथ शुरू किया गया छात्रवृत्ति का अभियान 27 वर्षों से निरंतर जारी है और वर्तमान में 30 छात्रों को समिति की ओर से उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर सतीश चंद शर्मा ने कहा कि मेरी कोशिश है कि मैं अपने पूजनीय पिताजी स्वर्गीय डॉक्टर एपी शर्मा के आदर्श पर चलते हुए जिस प्रकार उन्होंने अपने पिताजी के नाम से स्थापित की समिति को आगे बढ़ाया है मैं उनके इस कार्य को और आगे ले जाऊं। कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि उनके पिताजी का एक ही सपना था धन की आवाज में किसी होनहार विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए पिताजी ने समिति का गठन किया था

## तोड़कर वारदात को अंजाम दिया।

**चोरी में करीब एक लाख रुपए नकद और सोने-चांदी के जेवर समेत कीमती सामान गायब हो गए।**



**पीड़ित वैभव** तिवारी ने कोतवाली थाने में शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि उनके मोहल्ले में दो मकान हैं। जिस मकान में चोरी हुई हैं। उसमें उनके पिताजी ब्रजमोहन शर्मा रहते हैं। दो दिन से पिताजी की तबीयत खराब थी। जो उनके नए मकान में रहने के लिए आ गए। ऐसे में उनका मकान सूना था। शिकायत में बताया गया है कि चोरों ने मकान के ताले तोड़कर घर में रखी एक लाख रुपए की नगदी के साथ सोने और चांदी के गहनों को पार कर दिया।पीड़ित ने बताया कि 15 दिन पहले 26 अगस्त को उनके भाई के बगल के मकान में भी चोरी का प्रयास किया गया था। पीड़ित ने पुलिस से आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने की मांग की है।क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से स्थानीय निवासियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जोधपुर से विशेष रेलगाड़ी रामेश्वरम के लिए रवाना

**जयपुर/जोधपुर, 5 सितंबर।** राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना-2025 के तहत शुक्रवार को जोधपुर से रामेश्वरम-मदुरई के लिए राजस्थान वाहिनी भारत गौरव एसी ट्रेन रवाना हुई। इस ट्रेन को भगत की कोठी रेलवे स्टेशन से पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में जोधपुर से 300 से अधिक वरिष्ठ नागरिक सम्मिलित हुए, जबकि पाली से 200 और जवाई बांध से 126 श्रद्धालु इस आध्यात्मिक सफर से जुड़े। यह विशेष रेलगाड़ी पाली और जवाई बांध होते हुए रामेश्वरम व मदुरई पहुंचेगी, जहां वरिष्ठ नागरिक पावन देवस्थलों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने वरिष्ठजन तीर्थयात्रियों से मुलाकात कर उन्हें देवस्थान विभाग की ओर से किट भेंट की।



उन्होंने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को आस्था और संस्कृति से जोड़ने की दिशा में एक ओर ऐतिहासिक पहल की है। इसके तहत 07 दिवसीय यात्रा में 626 यात्री धार्मिक यात्रा पर रवाना हुए हैं। मंत्री कुमावत ने बताया कि वरिष्ठजनों को किराया, ठहराव, भोजन, दर्शनीय स्थल भ्रमण और मेडिकल सेवाओं पर कोई खर्च नहीं करना होगा। राज्य सरकार की ओर से सभी सुविधाएँ निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई हैं।
चिकित्सकों की टीम, अटेंडेंट और संबंधित विभागीय अधिकारी यात्रियों के साथ रहकर उनकी देखभाल करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व में यह यात्रा साधारण डिब्बों में होती थी, जबकि वर्तमान सरकार ने इसे वातानुकूलित ट्रेन की सुविधा होगी। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने योजना का दायरा बढ़ाते हुए लाभार्थियों की संख्या 30 हजार से बढ़ाकर 50 हजार कर दी है। साथ ही 6 हजार वरिष्ठ नागरिकों को हवाई यात्रा से तीर्थ कराने का भी निर्णय लिया गया है।

## ब्राह्मणों का अब अमेरिका भी लोहा मनाने लगा- तिवाड़ी

**जयपुर।** राज्यसभा के उपसभापति एवं सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कहा कि ब्राह्मणों का अब अमेरिका भी लोहा मानने लग गया है। यह एक शुभ संकेत है कि ब्राह्मण व्यापार में अग्रणी होने लगे है। तिवाड़ी शुक्रवार की शाम विप्र चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की और से आयोजित वंदन पर्व को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विप्र उद्योगपतियों की और से परशुराम



ज्ञान पीठ के लिए मुक्त हस्त से दिए दान की भी सराहना की।
वंदन पर्व के इस गरिमामय सामरोह में चितौड़ सांसद सीपी जोशी, विधायक गोपाल शर्मा, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, लॉजिस्टिक किंग बनवारी लाल सोती,उद्योगपति एवं राजस्थान फाउंडेशन असम चैप्टर के अध्यक्ष रतन शर्मा, पूर्व महापौर विष्णु लाटा, मुख्यमंत्री के ओएसडी दिनेश शर्मा, महाराष्ट्र परशुराम आर्थिक बोर्ड के अध्यक्ष सतीश दामले, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा सहित बड़ी संख्या में विशिष्ट अतिथि मौजूद थे।
इस वंदन पर्व में जुटे विप्र उद्यमियों ने संकल्प लिया कि राजस्थान की माटी के प्रति अपने प्यार और जुड़ाव से वे कभी विमुख नहीं होंगे। मातृभूमि विकास के प्रति भी सदैव तत्पर रहेंगे। विप्र उद्योगपतियों और व्यवसायियों ने राजस्थान में निवेश के प्रति भी अपनी रुचि दिखाई।

## महुआ विधायक राजेंद्र मीणा ने टोडाभीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया दौरा



**करौली**
**संवाददाता नवीन शर्मा**
करौली जिले के टोडाभीम क्षेत्र में अत्यावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लेने शुक्रवार को महुआ विधायक राजेंद्र मीणा ने करीरी ग्राम पंचायत के कहीं गांव का दौरा किया इस दौरान महुआ विधायक राजेंद्र मीणा ने ट्रैक्टर में सवार होकर गाजीपुर करेरी खेती गोपालपुर आदि गांव में पहुंचकर जल भराव से पीड़ित परिवार ऑन और सरकार से संवाद कर किसानों का हुआ नुकसान का मुआवजा दिलाने का दिया आश्वासन विधायक मीणा ने मौके पर मौजूद प्रशासन को जल्द समस्या से निजात दिलाने के दिए निर्देश इस दौरान जिला कलेक्टर जिला नीलाभ सक्सेना भी आज दूसरे दिन टोडाभीम क्षेत्र के दौरे पर रहे

## विभिन्न क्षेत्रों में विकास एवं सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु वित्तीय सहमति-
## नगरीय विकास एवं अभियांत्रिकी संवर्ग में नवीन पद सृजित

**जयपुर, 3 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार विभिन्न क्षेत्रों में सुविधाओं एवं सेवाओं का निरंतर रूप से विस्तार कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देशन में सूचना एवं प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग को ह्यराजधारा 2.0ह्य स्थापित करने के लिए 35 करोड रुपये एवं आईएचआरएमएस, आईएफएमएस के आईटी प्लेटफार्म एवं आईटी तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए 85 करोड़ रुपये की वित्तीय सहमति प्रदान की गई है। इसके साथ ही राज्य में विकास कार्यों को बढ़ावा देने हेतु सार्वजनिक निर्माण विभाग को 80 विधानसभा क्षेत्रों के लिए नॉन- पेचेबल/ मिसिंग लिंक सड़कों हेतु 1 हजार 405 कार्यों के लिए 885.09 करोड़ रुपये एवं 112 विधानसभा क्षेत्रों के लिए नॉन -पेचेबल/ मिसिंग लिंक सड़कों हेतु 2 हजार 214 है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजना के टेंडर प्रीमियम के विभिन्न प्रकरणों के कार्योंदेश हेतु सिस्टम, हेड रेगुलेटर एवं अन्य जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार एवं नवीनीकरण के कार्य के लिए 1145.09 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी करने की सहमति प्रदान की गई है।

## भोपजी कि भागल में समुद्र मंथन का बड़ा आयोजन, हुआ हजारों लोग हुए शामिल

**राजस्थान राजसमंद**
**रिपोर्टर - मीठालाल गुर्जर**



राजसमन्द जिले के चारभुजा गढ़बोर के भोपजी कि भागल में सहभागियों ने समुद्र मंथन के धार्मिक प्रोग्राम 5 सितंबर 2025 कोबहुत ही धूम धाम से भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर 80 महिलाएं ह्लसमंद हिलोरना (समुद्र मंथन)ह्व में भाग लिया
जिसमे 80मेंबर थी टोटल 200 महिलाएं हुई
कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 7 बजे हवन पूजन चालू हुआ जो 9:30 बजे तक चला वही गांव के पास हु स्थित तलाई सरोवर पर हवन किया गया। इसके बाद सुबह 10:00 से 11 बजे तक समुद्र मंथन हिलोरना एवं पूजन का आयोजन हुआ। महिलाओं द्वारा तालाब की अर्ध परिक्रमा भी की गई। वही महाप्रसाद का आयोजन भी हुआ जिसमें लोगों ने भाग लिया आयोजकों के अनुसार, इस धार्मिक महोत्सव में लगभग 3000से 3500श्रद्धालु शामिल हुए

# भारतीय मूल्यों और संस्कृति पर आधारित शिक्षा प्रदान कर छात्रों का सर्वांगीण विकास करना विद्या भारती का उद्देश्य - अनुराग

**विद्या भारती संस्थान धौलपुर की जिला** समिति की ओर से शिक्षक दिवस पर स्थानीय आवासन मंडल स्थित भारतीय आदर्श विद्या मंदिर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की मुख्य अथिति साहित्यकार व कवि रजनी शर्मा, विशिष्ठ अतिथि प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय सिंह, मुख्य वक्ता आरएसएस के विभाग कुटुंब प्रबोधन प्रमुख अनुराग शर्मा एवं अध्यक्षता कर रहे विद्या भारती के जिलाध्यक्ष नाहर सिंह सहित अन्य उपस्थितजनों द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले भर में विद्या भारती द्वारा संचालित 13 विद्यालयों के 160 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए अतिथियों ने सम्मानित किया। समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए अनुराग शर्मा ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विद्या भारती के विद्यालयों में कार्यरत सभी सम्मानित आचार्यों के कार्य को नोबल प्रोफेशन की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में कार्यरत प्रत्येक आचार्य का उद्देश्य समाज के वंचितों को शिक्षा देकर उन्हें स्वावलंबी बनाना, भारतीय मूल्यों और संस्कृति पर आधारित शिक्षा प्रदान करना तथा छात्रों का सर्वांगीण विकास करना रहता है, जिससे वे जिम्मेदार और आत्मविश्वासी नागरिक बन सकें। आचार्यगण शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों को विकसित करने पर जोर देते हैं।

उन्होंने सम्मानित आचार्यों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा में नित नए नवाचार पर बल दिया। मुख्य अतिथि रजनी शर्मा ने शिक्षकों व गणमान्य नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों को इस दिवस को आत्मावलोकन दिवस के रूप में मनाना चाहिए और शिक्षा के स्तर को नई तकनीकों एवं संसाधनों के प्रयोग से और अधिक उन्नत बनाने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक यदि विद्यार्थियों को अपने पुत्र-पुत्री समान मानकर शिक्षा एवं संस्कार देंगे, तो निश्चित ही विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण होगा और देश का भविष्य उज्ज्वल बनेगा। विशिष्ठ अतिथि डॉ. विजय सिंह ने आचार्यों से और अधिक मेहनत करने, समाज से जुडे रहने और बच्चो से आत्मिक सम्बन्ध विकसित करने का आव्हान किया। अध्यक्षता कर रहे नाहर सिंह ने कहा कि हम सबके जीवन में शिक्षको का अहम रोल है, ये समाज की सोच और प्रगति को आगे बढाते है। सम्मानित आचार्यों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि स्कूलो में छात्रों का नामांकन, ठहराव और अधिगम बढने हेतु कई प्रकार के अनोखे प्रयोग किये है, इससे गांव और समाज के लोगो के विचारो और व्यवहार में परिवर्तन आया है। कार्यक्रम का संचालन विद्या भारती के सचिव जयवीर शर्मा द्वारा किया गया तथा आभार विद्या भारती के जिला व्यवस्थापक यदुनाथ शर्मा ने किया।

## अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में संवेदनशीलता से करें कार्य, कोई भी व्यक्ति सहायता से नहीं रहे वंचित



**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया )5 सितम्बर।** जिला प्रभारी सचिव पी रमेश ने कहा कि जिले में अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में उत्पन्न स्थितियों से निपटने हेतु सभी अधिकारी सतर्क रहकर कार्य करें प्रभावितों को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ जान-माल के नुकसान पर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने हेतु कार्य करें ।

जिला प्रभारी सचिव शुक्रवार को डीओआईटी में वीसी के माध्यम से सभी खंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में नागरिक सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों के साथ ही आमजन के लिए चिकित्सा सेवाएं, खाद्य सामग्री की उपलब्धता सहित आवश्यक सेवाओं पर संबंधित उपखंड अधिकारी से चर्चा करते हुए दिशा-निर्देश जारी किए।

उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित कोई भी व्यक्ति सहायता से वंचित नहीं रहे। इस संबंध में उन्होंने अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए, जिसमें प्रभावितों को नियमानुसार सहायता राशि एवं अन्य राहत सुनिश्चित हो। उन्होंने को फसल खराबे पर गिरदावरी रिपोर्ट शीघ्र भिजवाने के लिए निर्देश दिए। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने सभी अधिकारियों से कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करें कोई भी वास्तविक पीड़ित सहायता से वंचित ना रहे । जिला प्रभारी सचिव द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुरूप कार्य करते हुए आमजन को राहत प्रदान करें। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपखंड अधिकारी साधना शर्मा सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे वहीं सभी उपखंड अधिकारी और विकास अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक से जुड़े।

## प्रभारी मंत्री जवाहर सिँह बेढ़म आज रहेंगे धौलपुर दौरे पर

**देश का दर्पण न्यूज,धौलपुर (धर्मेन्द्र बिधौलिया )5 सितंबर**

राज्य मंत्री गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग व जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म शनिवार 6 सितंबर को धौलपुर दौरे पर रहेंगे। इस दौरान जिला प्रभारी मंत्री बेढ़म बाढ़ और अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर बाढ़ और बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेंगे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने शाहपुरा अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर अग्रवाल की लंबी आयु की कामना की



**सुरज वर्मा**

शाहपुरा शहर में लोकसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकताओं ने शाहपुरा अस्पताल में मरीजों को फल वितरित कर अग्रवाल की लंबी आयु की कामना की। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद जाट एवं सरपंच सत्यनारायण जाट की अगवाई में पंचायत समिति सदस्य रामप्रसाद गोरा, रामधन जाट ,सरपंच भागचंद चाढ़ा जिला परिषद प्रतिनिधि पुखराज भील युवा नेता बैनाथ रनवा,सांवरलाल गोरा शौकीन गुर्जर, कैलाश सुवालका बन्नालाल मीणा, गोपाल मीणा सोजी बंजाराआदि ने शाहपुरा सेटेलाइट चिकित्सालय में भरती इलाज रथ रोगियों व उनके सहयोगियों को फल वितरित कर सांसद दामोदर अग्रवाल का जन्मदिन मनाया। फल वितरण के बाद सभी ने भीलवाड़ा अग्रवाल उत्सव भवन में पहुंचकर सांसद अग्रवाल को दुपट्टा माला साफा पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीघार्यु, स्वस्थ जीवन और उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

## रिमझिम बरसात में बहते हुए पानी में ठाकुर बाबा बस्ती का पथ संचलन कदम से कदम मिलते हुए निकला



**सुरज वर्मा**

शाहपुरा जिला उपखंड कार्यालय के शाहपुरा नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन रिमझिम बरसात में बहते हुए पानी से कदम से कदम मिलते हुए विशेष बैंड की धुन पर जय घोष के साथ अनुशासन के साथ निकाला जानकारी के अनुसार हनुमान कैलाश धाकड़ ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघठाकुर बाबा बस्ती का पथ संचलन शुक्रवार को धरती देवरा के स्थान से प्रशासन की मौजूदगी में धरती देवरा से धाकड़ मोहल्ला शिक्षक कॉलोनी रेगर बस्ती उदय भान गेट बख्त विलास कलिंजरी गेट होते हुए धरती देवरा पर संपन्न हुआ नगर में जगह-जगह पर नगर वासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर पत्र संचालन का स्वागत किया एवं भारत माता की जय के साथ जय घोष लगाया गया धरती देवरा में पदाधिकारी द्वारा पत्र संचालक को संबोधित कर राष्ट्र की उत्तम कामना की गई

## फुलिया कलां के आचार्य बने राष्ट्रीय सचिव

**सुरज वर्मा**

भीलवाडा ज़िले के फुलिया कलां उपखंड मे अखिल भारतीय आचार्य ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकिशन आचार्य ने रामगोपाल आचार्य को राष्ट्रीय सचिव पद पर नियुक्त किया।



अखिल भारतीय आचार्य ब्राह्मण सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकिशन आचार्य ने फुलिया कलां के आचार्य रामगोपाल आचार्य को राष्ट्रीय सचिव पद पर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ, रामगोपाल आचार्य संगठन के राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में योगदान करेंगे।रामगोपाल आचार्य की नियुक्ति संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, और हमें विश्वास है कि उनके अनुभव और कौशल से संगठन को लाभ होगा।

## सिंधी समाज के अबुज सावे बन बदडी पर हुआ सामूहिक विवाह मीडिया प्रभारी पीयूष बच्चानी ने बताया

**सिंधी समाज के अबु**ज सावे बन बदडी( वामन जयंती ) पर गुरुवार को भगवान झूलेलाल सेवा समिति के तत्वाधान में ग्यारह जोड़ो का सामूहिक विवाह सूर्यगढ़, लायंस पैराडाइस में संपन्न हुआ इस अवसर पर नवविवाहितों ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया।

अग्रवाल फार्म के शीश महल झूलेलाल मंदिर से जयपुर की प्रसिद्ध सुन्दर बेंड की मधुर स्वरलाहरियों के साथ दूल्हो की बारात निकाली गई। इससे पूर्व दादा सुन्दर ठकुर के मार्गदर्शन में पल्लव प्रार्थना के साथ प्रथम पूज्य गणेश जी महाराज एवं भगवान झूलेलाल की आराधना के साथ सामूहिक विवाह सम्मेलन का श्रीगणेश हुआ। सभी ने नवयुगलो के सुखी जीवन की प्रार्थना की।



महासचिव लालचंद खानवानी व वरिष्ठ समाजसेवी नारायण दास नाजवानी ने झूलेलाल मंदिर से बारात को रवाना किया,सभी 11 दूल्हे घोड़ियों पर सवार होकर बारातियों के साथ दुल्हन ब्याहने निकले, मुख्य संयोजिका शोभा बसंतानी के साथ समस्त मातृशक्ति, आयोजन समिति के कार्यकताओं व बारातियों द्वारा होजमालों व सिंधी संगीत की मधुर लहरियों पर जमकर नाचे। बरात का स्वागत विवाह स्थल लायंस पैराडाइस पर किया गया।

समन्वयक डॉ ईश्वरदास तारानी व संयोजक द्वय प्रमोद नावानी व नन्दलाल वासुजा ने बताया की पंडित धीरज शर्मा व अन्य 10 विद्वान पंडितों द्वारा सनातन पद्धति व सिंधी रीति रिवाज से फेरे करवाए। अध्यक्ष गिरधारी सम्भनानी ने बताया की अमरापुरा दरबार के संत मोनू साई, मुकेश साध व अन्य संतो ने नवयुगलों को पखर पहनाकर आशीर्वाद दिया। प्रवक्ता मूलचंद बसंतानी ने बताया की मंच पर केवल समाज की मातृशक्ति विराजमान थी। मुख्य अतिथि आई.ए.एस. पुष्पा सत्यानी थी। अध्यक्षता शोभा बसंतानी ने की, अति विशिष्ट अतिथि द्रोपदी नाजवानी, रेनू गुरनानी, रेखा मनकानी, रेखा तारानी, हरदेवी आसनानी,नीलम नावानी, नंदिनी संगतानी, वीना दादलानी, गीता माखीजा, माला गुरनानी, नीलम वासवानी, पुष्पा खानचंदानी, रुक्मणि सम्भनानी, हरी खानवानी, मोनिका ठाकुर, सुनीता धीरवानी एवं कोमल कमलानी थी।

## सांसद अग्रवाल ने दिव्यांगो के साथ मनाया अवतरण दिवस

**सुरज वर्मा**

**भीलवाड़ा 5** सितंबर को अक्षय सेवा संस्था द्वारा संचालित क्लब फुट (जन्म जात बच्चो के पांव अंदर की तरफ मुड़े हुए होना) रोग से पीड़ित बच्चों को महात्मा गांधी चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. अरुण गौड़ के नेतृत्व में अस्थि एवं जोड़ रोग बहिरंग विभाग में गत एक वर्ष से निशुल्क क्लब फुट श्यू लगाये जा रहे है,इसी श्रृंखला में आज भीलवाड़ा के सांसद दामोदर अग्रवाल ने अपना अवतरण दिवस इन निःशक्त बच्चों के साथ मनाकर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की, और अक्षय सेवा संस्था द्वारा चलाये जा रहे इस अभियान की भूरी भूरी प्रशंसा की!संस्था के अध्यक्ष पवन कुमार नागोरी ने बताया कि एक वर्ष में अब तक संस्था द्वारा कुल (45) निःशक्त



बच्चों को क्लब फुट श्यू लगाये जा चुके हैं एवं आज सांसद महोदय के अवतरण दिवस के अवसर पर (7) सात बच्चो को निःशुल्क क्लब फुट श्यू लगाये गये ,संस्था के पास इस रोग से ग्रसित कुल (149) पीड़ित पंजीकृत हे !

संस्था के मुख्य संरक्षक चन्द्र देव आर्य ने बताया कि कोरोना काल मे बनी संस्था द्वारा अब तक कई जन हितार्थ कार्य किये गए हैं जिसके अंर्तगत मुख्य रूप से 400'५' का ऑटो पैनल ऊ ॠ सेट दान स्वरूप महात्मा गांधी चिकित्सालय में लगाया गया,तीन वृहद लेंस प्रत्यारोपण शिविर लगाये गए जिसमें करीब 450 रोगियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन किये गये ,संस्था द्वारा (5)ट्रॉली,(5)व्हील चेयर,(10)ऑक्सीजन सेलेण्डर स्टैंड चिकित्सालय में भेंट किए,प्रचंड गर्मी में कतार मे खड़े रोगियों और उनके परिजनों को लगभग दो माह लोटे गिलास द्वारा घूम घूम कर पानी पिलाया जाता है !! इस अवसर पर प्रिंसिपल महोदया डॉ.वर्षा अशोक सिंह,चिकित्सा अधीक्षक डॉ अरुण गोड , सभी विभागों के विभागाध्यक्ष,नर्सिंग अधीक्षक दुर्गा लाल मीणा,उप नर्सिंग अधीक्षक मुकुट राज सिंह,राज कुमार शर्मा,संस्था के सचिव सुनील व्यास,कोषाध्यक्ष दिनेश तिवाडी,उपाध्यक्ष नंद गोपाल शर्मा,महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा लीला शर्मा,उपाध्यक्षा अनीता चौधरी,लोकेश शर्मा,योगेश शर्मा,बलराज शर्मा,राधे श्याम पत्रीया वीरेंद्र शर्मा,नीलेश शर्मा,मनीषा बाकलीवाल,,विमला व्यास, एवं कई चिकित्सक,नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे ।

## महासंघ की सरकार से वार्ता के बाद आरजीएचएस सेवाएं पुनः चालू, आंदोलन स्थगित

**3** सितंबर 2025 अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के आह्वान पर आज प्रदेश भर में सरकारी कार्यालयों में मतदान 12:30 बजे से 1.30 तक 1 घंटे का सांकेतिक कार्य बहिष्कार किया गया। कर्मचारियों ने इकट्ठा होकर जगह-जगह पर विरोध प्रदर्शन किया तथा कलेक्टर के माध्यम से और विभागाध्यक्षों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किये गए। कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि आज राजधानी सहित संपूर्ण राजस्थान में 1 घंटे के कार्य बहिष्कार से सरकार को आरजीएचएस में इलाज बंद होने से उत्पन्न कर्मचारियों की गंभीर समस्या का अंदाजा हुआ और प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं गायत्री राठौड़, कार्मिक शासन सचिव के के पाठक और आरजीएचएस के नोडल अधिकारी शाइन अली के साथ हुई वार्ता में आज से ही अनुमोदित अस्पतालों में आरजीएचएस के अंतर्गत ईलाज और दवाओं की उपलब्धता प्रारंभ करने की सहमति के उपरांत इस आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। सचिवालय स्तर पर एक संयुक्त शासन सचिव स्तर के अधिकारी को इसके बारे में कर्मचारियों की समस्याओं को जानने के लिए नियुक्त करने का भी निर्णय लिया गया। कर्मचारी महासंघ प्रदेश के समस्त कर्मचारी संगठन एवं सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट करता है जिन्होंने इस समस्या के विरोध में पूरे प्रदेश में कार्य बहिष्कार को सफल बनाया और सरकार को आरजीएचएस में इलाज पुनः प्रारंभ करने के लिए मजबूर किया।

## राष्ट्रपति अवार्ड समारोह में सिविल डिफेन्स के सोहन सिंह को मिला राष्ट्रपति अवार्ड

**बारां, 4 सितंबर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला बारां के रोवर को 31 अगस्त 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले राष्ट्रपति अवार्ड रैली में राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति अवार्ड सम्मान समारोह में मुख्य



अतिथि भारत के खेल एवं युवा मंत्री मनसुख मांडविया रहे। महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्रौपदी मुर्मू द्वारा सोहन सिंह को राष्ट्रपति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह से लौटने के पश्चात जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी ने शुभकामनाएं दी।

## टीम बिलाल पठान द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया



**जिसमें** प्रदेशाध्यक्ष जी ने शिरकत की और प्रदेश के सभी सरकारी कर्मचारियों के हक की बात खाई हमारा उद्देश्य रहेगा कि कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण, पारदर्शिता और विभागीय स्तर पर समान अवसर प्राप्त हों। मैं सभी साथियों से सहयोग की अपेक्षा करता हूँ ताकि हम मिलकर संगठन को नई ऊँचाइयों पर पहुँचा सकें।और फतेह नगर के सभी भाइयो दोस्तों द्वारा बधाई दी गई स्वागत अभिनंदन किया गया युवा शक्ति एवं बड़े बुजुर्गों द्वारा दिए गये प्यार प्रेम व आशीर्वाद के लिए आप सभी का हार्दिक आभार

## छात्राओं के माहवारी प्रबंधन एवं स्वच्छता तथा यौन संचारित संक्रमण विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**देश का दर्पण न्यूज, धौलपुर ( धर्मेन्द्र बिधौलिया ) 5 सितंबर।**

**महिला एवं** बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग के निदेर्शानुसार

"मिशन शक्ति योजना संकल्प हब फोर पावरमेंटऑफ वीमेन " के तहत 2 से 12 सितंबर तक 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसके अंतर्गत आज पांचवे दिन जेंडर विशेषज्ञ कनुप्रिया कौशिक द्वारा पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी धौलपुर में महिलाओं एवं छात्राओं को माहवारी प्रबंधन एवं स्वच्छता तथा यौन संचारित संक्रमण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

साथ ही महिलाओं के लिए चलाई जा रही केंद्र सरकार और राज्य सरकार की समस्त योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में पीएनबी बैंक के आर अ7सेटी के डायरेक्टर श्री भूपेंद्र सिंह पवार द्वारा महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को दूर करने एवं किसी भी बाल विवाह की सूचना मिलने पर तुरंत अवगत कराने की बात कही कार्यक्रम में आईसीटी के श्री शालिग्राम फैकल्टी मेंबर एवं समस्त महिला एवं बालिकाएं उपस्थिति रही।

## शिक्षक दिवस पर योग्यशाला द्वारा शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम

**जयपुर, 5 सितम्बर**

शिक्षक दिवस के अवसर पर झालना डूंगरी स्थित कल्याण पब्लिक स्कूल में योग्यशाला संगठन के तत्वावधान में ठरवक के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान लगभग



300 बच्चों को कॉपियाँ, पेन, पेंसिल और अन्य आवश्यक पाठ्य सामग्री वितरित की गई कार्यक्रम में राजस्थान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. सी.बी. यादव मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक केवल शिक्षा देने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों और ज्ञान आधारित वातावरण के निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं। बच्चों को प्रेरित करते हुए उन्होंने शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया योग्यशाला संगठन ठरवक के पूर्व साथियों द्वारा स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों की शैक्षणिक सहायता करना और शिक्षा को हर वर्ग तक पहुँचाना है संगठन द्वारा आगे भी इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, स्थानीय नागरिक पार्षद दीपक असवाल, सुरेश चंद बैरवा, आशीष महावर, राजीव मीणा और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मदन राठौड़ का जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर के नेतृत्व में जयपुर देहात दक्षिण की कार्यकारिणी द्वारा अभिनंदन

## हमारी इनोवेटिव, पॉजिटिव, सब्जेक्टिव, कोलब्रेटिव व विजनरी टीम जिले को संगठन व सेवा में बनाएगी न.1 - गुर्जर

**जयपुर**
भारतीय जनता पार्टी जयपुर देहात दक्षिण के जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने शुक्रवार को अपनी नवगठित जिला कार्यकारिणी के साथ प्रदेश कार्यालय पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष का साफा पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ व मोमेंटो देकर स्वागत किया। वहीं अपनी टीम को इनोवेटिव, पॉजिटिव, सब्जेक्टिव, कोलब्रेटिव एवं विजनरी बताते हुए कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों का परिचय करवाया। साथ ही सभी का प्रदेशाध्यक्ष से दुपट्टे पहनाकर स्वागत भी करवाया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर जैसे ऊजार्वान और जमीनी नेतृत्व के कारण संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा आमजन में भारतीय जनता पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने



कहा कि जयपुर देहात दक्षिण की नव कार्यकारिणी में युवा, किसान, महिला, व्यापारी सहित हर वर्ग एवं प्रत्येक समाज का समावेश है। यह टीम एक ही परिवार के अंदर अनुभवी एवं युवाओं की टीम है। उन्होंने जिला कार्यकारिणी की प्रशंसा करते हुए विश्वास जताया कि यह टीम संगठन एवं सेवा के क्षेत्र में प्रदेश में नए आयाम स्थापित करेगी।

इस अवसर पर राजेश गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते एक दशक में देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। विश्व पटल पर मां भारती का सम्मान बढ़ाया है। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास की नई दिशा प्राप्त कर रहा है। साथ ही प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के मार्गदर्शन में जयपुर देहात दक्षिण की कार्यकारिणी पार्टी व सरकार की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में अग्रणी भूमिका निभाएगी।

## खटीक समाज सेवा समिति (सकल चौरासी) दूदू की आम सभा में श्री विजेंद्र परेवा को 5 वीं बार किया गया अध्यक्ष घोषित!!



दुदू के सीतारामजी मंदिर में हुए कार्यक्रम में समिति के पंचो ने लिया यह निर्णय!!समिति के हर 2 साल में होते है चुनाव!!

कार्यक्रम में जलझूलनी एकादशी उत्सव मनाने के साथ साथ समाज के प्रतिभावान छात्र/छात्राओं और नवनियुक्त सरकारी कर्मचारियों का किया गया सम्मान!!

समारोह में बाबूलाल नागर ( पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार) रहे मुख्य अतिथि!!

साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में महेन्द्र राजोरिया (विधायक प्रत्याशी रामगंजमंडी कोटा), अशोक मल्होत्रा,उमेश नरानिया ( अध्यक्ष राजस्थान खटीक समाज महासमिति जयपुर ), राजेश नागौरा ( पूर्व प्रधान मालपुरा) सुन्दरलाल ओसवाल लक्ष्मीनारायण तँवर, कैलाश राजौरा, सुदेश खींची , सूरजमल बागोरिया ( मुहाना) रहे उपस्थित!!

श्री क्षत्रिय खटीक समाज सेवा समिति (सकल चौरासी) दूदू के नवनियुक्त अध्यक्ष विजेंद्र परेवा ने सभी उपस्थित सदस्यों और अतिथियों का किया धन्यवाद!!

## स्कूल बसों पर परिवहन विभाग का सख्ती भरा रुक ऑपरेटर की बड़ी चिंता



**जयपुर के** खासा कोठी स्थित एक निजी होटल में मिनी बस ऑपरेटरों ने मीटिंग कर के प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास उपस्थित रहे संगठन के महासचिव रवि प्रकाश सेनी व संरक्षक अनिल जैन ने बताया परिवहन विभाग ने स्कूलों में चल रही निजी बसों के संचालन पर सख्ती बढ़ा दी है। विभाग ने साफ निर्देश जारी करते हुए कहा है कि अब सभी बस मालिकों को कॉन्ट्रेक्ट कैरिज परमिट लेना अनिवार्य होगा। पूर्व मंत्री खाचरियावास ने कहा यह बस जयपुर के रोड पर भी चलती है स्कूलों में भी बच्चों को लेने जाती है यह आज से नहीं 50 साल पहले से चल रही है आज तक इससे पहले किसी भी सरकार ने यह पाप नहीं किया जबरन टैक्स बढ़ाकर लिया यदि बस वाला आज 10000 महीने का टैक्स देगा तो आरटीओ अपनी मनमानी कर रहा है इसका मतलब राजस्थान में परिवहन मंत्री और मुख्यमंत्री दोनों फेल है

# डोटासरा की विपक्ष में रहते हुए उनकी भूमिका हुई कमजोर: मदन राठौड़

**जयपुर**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की अनर्गल बयानबाजी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि "एक अच्छा व्यक्ति बिगड़ गया है।" डोटासरा कभी एक उभरते हुए और प्रतिभाशाली नेता माने जाते थे, लेकिन विपक्ष में रहते हुए उनकी भूमिका कमजोर होती जा रही है। उन्होंने हाल के समय में सदन में और सार्वजनिक मंचों पर जिस तरह की भाषा और व्यवहार अपनाया है, वह लोकतांत्रिक परम्पराओं के खिलाफ है। राठौड़ ने कहा कि "मैं स्वयं विधानसभा में डोटासरा के साथ रहा हूं। पहले हम उन्हें एक परिपक्व और जिम्मेदार नेता मानते थे, लेकिन आज वे बहुत हल्के शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं और आसन के प्रति भी गलत व्यवहार अपना रहे हैं, जो मयार्दा



के विपरीत है। गोविंद सिंह डोटासरा को बार-बार सदन में व्यवधान डालने की आदत है, उन्हें कैलाश मेघवाल जी के समय भी निष्कासित किया गया था। इसके अलावा सदन में नहीं आना और फिर विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की बात करना, ये सब जनतंत्र को कमजोर करने वाली प्रवृत्तियाँ हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि डोटासरा अपनी ही पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र पारीक के खिलाफ जिस प्रकार से सार्वजनिक रूप से बयानबाजी कर रहे हैं, वह अत्यंत निंदनीय है। पारीक जी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं और संसदीय परम्पराओं को भलीभांति समझते हैं। उन्हें इस प्रकार सार्वजनिक रूप से अपमानित करना अनुचित है। पार्टी के आंतरिक मुद्दों को सार्वजनिक मंचों पर लाना दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे पार्टी में टूट की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि "जैसे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने ही उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट को ह्यनाकाराह्न और ह्यनिक्कमाह्न कहा था, उसके बाद वे दोनों एक मंच पर मन से नहीं आ सके। उसी तरह डोटासरा ने जो शब्द पारीक जी के लिए कहे, वे उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुँचाने वाले हैं और उनके आपसी संबंधों में भी दरार डालने वाले हैं।" भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, देश के प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों उपयोग करना बेहद आपत्तिजनक और असंसदीय है। राजनीति में भाषा की मयार्दा बनी रहनी चाहिए। विरोध करना लोकतंत्र का हिस्सा है।

## इवोक: राजस्थान की परंपरा और आधुनिकता का उत्सव



**जयपुर**
डेस्टिनेशन इवेंट इंडस्ट्री की दुनिया में एक नया आयाम प्रस्तुत करते हुए एसोसिएशन ऑफ इवेंट आंत्रप्रेन्योर्स (एईई) द्वारा आयोजित 'इवोकःद इवेंट इंडस्ट्री कन्वेंशन' का भव्य शुभारम्भ होटल मेरियट, जयपुर में समपन्न हुआ। राजस्थान पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजित इस इवेंट का उद्देश्य राजस्थान को वेडिंग्स और डेस्टिनेशन इवेंट्स का उभरता हुआ केंद्र बनाना है। कार्यक्रम के दौरान एईई के प्रेसिडेंट समीर बाबेल, एईई के सेक्रेटरी राजेश जैन आदि गणमान्य उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में इसी बढ़ते रुझान और संभावनाओं को मजबूत दिशा देने के उद्देश्य से, एसोसिएशन ऑफ इवेंट आंत्रप्रेन्योर्स (एईई) द्वारा जयपुर में 5-7 सितम्बर 2025 को 'इवोकःद इवेंट इंडस्ट्री कन्वेंशन' का आयोजन किया जा रहा है उद्घाटन समारोह के दौरान ऐईई प्रेसिडेंट समीर बाबेल ने कहाः "इवोक का उद्देश्य भारत के लीडिंग इवेंट प्रोफेशनल्स को एक साझा मंच प्रदान करना है। क्यूरेटेड बी टू बी मैचमेकिंग से लेकर इनोवेटिव शोकेस तक, यह आयोजन नए विचारों को प्रोत्साहित करने, साझेदारियों को मजबूत करने और भविष्य उन्मुख समाधान तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया है।"

## (मोती महल विवाद) हलैना में सर्व समाज की बैठक 21 सितंबर को लगेगा रियासतकालीन झंडा



**देश का दर्पण.दैनिक अखबार पत्रकार.राकेश कोठेनिया हलैना**
**हलैना (भरतपुर)**...मोती महल पर लगे झंडे और पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वेंद्र सिंह की ओर से दर्ज करवाई गई एफआईआर को लेकर हलैना में सर्व समाज की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि 21 सितंबर को मौजूदा झंडा हटाकर रियासतकालीन झंडा पुनः मोती महल पर फहराया जाएगा। साथ ही एफआईआर में पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग भी की गई। बैठक में पांच बिंदुओं पर चर्चा हुई। इनमें प्रमुख रूप से यह प्रस्ताव रखा गया कि मोती महल पर केवल रियासतकालीन झंडा ही लगे और विश्वेंद्र सिंह वहीं निवास करें। इसके अलावा मोती महल के संरक्षण के लिए महाराजा विजेंद्र सिंह के नाम से म्यूजियम और ट्रस्ट बनाने पर जोर दिया गया, ताकि विरासत संरक्षित रह सके और जनता के लिए खुली रहे। सर्व समाज ने विश्वेंद्र सिंह द्वारा दर्ज मुकदमे में उनके बेटे अनिरुद्ध सिंह और पत्नी दिव्या सिंह के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि दोनों ने ट्रस्ट के हीरा-जवाहरात और सोना दिल्ली के लॉकर से निकाल लिया। इस मामले को लेकर समाज के लोगों ने एसपी को ज्ञापन सौंपा और जनता का पैसा बरामद करने की अपील



**मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार शाम जयपुर के इटर्नल हार्ट केयर सेंटर एण्ड रिसर्च इंस्टिट्यूट (ईएचसीसी) पहुंचकर वहां भर्ती भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्री श्रवण सिंह बगड़ी तथा विधायक श्रीमती अनीता भदेल के पति श्री भीमसिंह की कुशलक्षेम पूछी। मुख्यमंत्री ने चिकित्सकों से श्री बगड़ी तथा श्री भीमसिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली और दोनों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।**

## उटंगन नदी के मानसून कालीन जल प्रवाह और उसके संचय को व्यवस्थित किया जाये

**\जनपद** की उटंगन और खारी नदी के पानी का व्यवस्थित प्रवाह सुनिश्चित किया जाये,जिससे कि भूगर्भ जल का गिरता स्तर को सुधार कर ह्यखेती- किसानीह्न के उपयुक्त बनाया जा सके ।यह मुद्दा सिविल सोसायटी ऑफ आगरा ने जिला पंचायत अध्यक्ष के समक्ष उनके कैंप ऑफिस पर मुलाकात के दौरान उठाया।
सिविल सोसायटी ऑफ आगरा की ओर कहा गया कि आगरा जनपद से होकर बहने वाली नदियों तंत्र पांच क्लाइमेटकिक जोनों की जलधाराओं से पोषित है ।जनपद की भूजल प्रबंधन सहित सतही के ठहराव संबंधी व्यापक संभावनाओं को नजरअंदाज कर रखा गया है ।जब कि वस्तुस्थिति यह है कि वाटरशेड प्लानिंग को पूरी तरह से नजरअंदाज किया हुआ है। सिविल सोसायटी ऑफ आगरा के सेक्रेटरी अनिल शर्मा ने कहा है कि आगरा प्रशासन को कुशल ड्रोन पायलट (संभव हो तो रिवर पुलिस टीम के ड्रोन संबधी दायित्व उठाने वाले सदस्य ) के नेतृत्व में उटंगन



नदी की सिरौली गांव (फतेहपुर सीकरी),मोतीपुरा (विकासखंड फतेहाबाद, यहां खारी नदी उटंगन नदी में मिलती है।),अरनोटा ,रिहावली गांव आदि स्थानों पर नदी के प्रवाह व जल विस्तार का चित्रण करवाना चाहिये।
सिविल सोसायटी ऑफ आगरा के सदस्य राजीव सक्सेना का कहना है कि जगनेर की बंधियों के जल संचय की स्थिति को प्रभावित करने वाले कोट बांध सेलूस गेटों की मरम्मत करवाने के लिये आगरा प्रशासन को भरतपुर प्रशासन को पत्र लिखना चाहिये। कोट बांध में विंद्य पहाडी श्रृंखला की अंतिम छोर की पहाड़ियों के वाटरशेड का भरपूर पानी पहुंचता है,लेकिन उप्र (आगरा) के लिए अत्यंत उपयोगी होने के बावजूद यह अव्यवस्थित रूप से डिस्चार्ज होता रहता है ।फोटा जर्नलिस्ट असलम सलीमी ने कहा है कि आगरा की जल संचय संरचनायें अनुरक्षण एवं व्यवस्थित प्रबंधन के इंतजार में हैं,अब उन्हे इनके फोटो खींचने से अधिक उन छोटे से छोटे प्रयास को कैमरे में कैद करने में दिलचस्पी रहती है,जो कि इनको मजबूती देने के लिये किये जाते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ मंजू भदौरिया ने कहा कि उटंगन नदी और उसे पानी से भरपूर करने वाले जल स्त्रोत आगरा के गिरते जलस्तर को थामने के लिए महत्वपूर्ण हैं,सिंचाई विभाग की आगरा कैनाल के लोअर खंड के संज्ञान में वह उपरोक्त को लाती रही हैं।

## इन्दौर की तर्ज पर निगम के छह वार्ड बनेंगे आदर्श माडल वार्ड

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर को स्वच्छ और नगरीय सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में नगर निगम ने पहल की है। इसके अंतर्गत नगर निगम ने शहर के 06 वार्डों को आदर्श (माडल) वार्ड के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। नगर निगम, वाराणसी ने प्रथम चरण में नरायनपुर, डिठोरी महाल, चेतगंज, काल भैरव, पियरी कला और पिशाचमोचन का चयन किया है। इन माडल वार्डों में नागरिकों को सभी आवश्यक नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह जानकारी नगर निगम के जनसम्पर्क कार्यालय ने दी। बताया गया कि साफ-सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सीवरेज, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, पार्क, शौचालय, सड़कें, नाली व्यवस्था जैसी मूलभूत आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। विशेष रूप में इन वार्डों में घर-घर कूड़े का 100 प्रतिशत उठान, घर-घर कूड़े का पृथ्थक्कीकरण, स्वच्छता जन जागरूकता का विशेष अभियान, इन वार्डों के सभी जीवीपी स्थलों को समाप्त कर उनका सौन्दर्यीकरण, पार्को का रख-रखाव, कामर्शियल क्षेत्रों में दो ट्वीन बिन, मलीन बस्तियों की नियमित सफाई, पर्यटन स्थलों, स्मारकों की नियमित सफाई का कार्य किया जाना है।

## मंदिरबाजार में मिट्टी की दीवार गिरने से मां और दो बेटियों की मौत, इलाके में छाया शोक

**रामेश राय, पश्चिम बंगाल। द**क्षिण 24 परगना ज़िले के मंदिरबाजार इलाके में दर्दनाक हादसा हुआ। मिट्टी की दीवार ढहने से एक मां और उसकी दो नाबालिग बेटियों की मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की छाया आई है। सूत्रों के मुताबिक, मंदिरबाजार विधानसभा क्षेत्र के देश्वरी स्कूल के पास स्थित कमारपाड़ा गांव में ब्रह्मपति कर्मकार अपनी दो बेटियों शीला कर्मकार (15) और प्रिया कर्मकार (10) के साथ एक मिट्टी के मकान में रह रही थीं। गुरुवार को अचानक घर की दीवार गिर गई और तीनों दब गए। स्थानीय लोग तुरंत बचाव कार्य में जुटे और पुलिस को सूचना दी। मंदिरबाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मलबा हटाकर तीनों को बाहर निकाला। हालांकि, अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, परिवार को आमार बाड़ी परियोजना के तहत पक्का घर बनाने के लिए पैसे भी मिले थे, लेकिन नया घर बनने में देर हो रही थी। लगातार हो रही बारिश से मिट्टी का मकान काफी कमजोर हो गया था और दीवार नम होकर ढह गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शवों को डाइमंड हार्बर पुलिस मॉर्ग भेज दिया है, जहां पोस्टमार्टम होगा। इस दर्दनाक हादसे के बाद मंदिरबाजार के विधायक जयदेव हालदार मृतकों के परिवार से मिले और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। स्थानीय लोग गहरे शोक में डूबे हैं और इस त्रासदी ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।

## जिला परिषद के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुमित चौधरी ने किया पदभार ग्रहण, सचिवों ने किया स्वागत

**कैथल (कृष्ण प्रजापति): कै**थल जिला परिषद को नया उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (डिप्टी सीईओ) मिल गया है। आज सुमित चौधरी ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर जिला परिषद कार्यालय में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।
स्वागत समारोह में ग्राम सचिव जिला प्रधान सुनील गोयत की अगुवाई में बड़ी संख्या में सचिव और कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर बृजेश, रामलाल, अंकित, अमित, दर्शन सहित कई कर्मचारी शामिल हुए।
और उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर चौधरी का अभिनंदन किया।

## राजेश कुमार डीपीई बलवंती बने स्कूल नेशनल कबड्डी टीम के सिलेक्टर, विभाग ने जारी किया पत्र

**कैथल (कृष्ण प्रजापति): जिले** के लिए गर्व की बात है कि स्थानीय स्तर से जुड़े खेल शिक्षक राजेश कुमार, डीपीई (शारीरिक शिक्षा शिक्षक) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलवंती को हरियाणा की स्कूल नेशनल स्टाइल कबड्डी टीम का सिलेक्टर नियुक्त किया गया है। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आधिकारिक पत्र जारी किया है। इस खबर के सामने आने के बाद क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है ।गौरतलब है कि 8 से 10 सितंबर तक राज्य स्तरीय नेशनल स्टाइल कबड्डी स्कूल चैंपियनशिप



पानीपत में आयोजित होने जा रही है। इस प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम चयन की अहम जिम्मेदारी अब राजेश कुमार के कंधों पर होगी। राजेश कुमार पिछले कई वर्षों से कबड्डी खेल को बढ़ावा देने और बच्चों को उच्च स्तर पर तैयार करने में जुटे हुए हैं। उनके मार्गदर्शन में तैयार की गई टीम ने लगातार जिला स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इसी मेहनत, निष्ठा और उपलब्धियों को देखते हुए विभाग ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। डीपीई राजेश कुमार ने बताया कि उनके लिए यह नियुक्ति सम्मान और गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा से ईमानदारी और पूरी लगन के साथ बच्चों को तैयारी कराते आए हैं। सिलेक्टर की भूमिका निभाते हुए भी उनका लक्ष्य रहेगा कि हरियाणा की टीम बेहतर से बेहतर खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरे और राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करे।

## इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जयपुर-साउथ द्वारा मनाया गया शिक्षक दिवस




**जयपुर,**
इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) जयपुर साउथ एवं जीवन रेखा सुपर स्पेशिलिटी द्वारा अक्षयपात्र मंदिर ऑडिटोरियम हॉल, जगतपुरा में शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र के प्रख्यात शिक्षकों एवं चिकित्सकों को सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम में महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी (एमजीयूएमएसटी) के एमेरिटस चेयरपर्सन डॉ एम एल स्वर्णकार मुख्य अतिथि रहे। उन्हें आजीवन चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए ह्लटीचर ऑफ टीचर्सह्व सम्मान से सम्मानित किया गया। गुप्त वृंदावन मंदिर के उपाध्यक्ष स्वामी अनंत प्रभुजी, जीवन रेखा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. एस. पी. पाटीदार तथा डॉ रजनीश शर्मा समारोह में विशिष्ट अतिथि रहे। आईएमए जयपुर साउथ के अध्यक्ष डॉ. सुधीर सचदेव एवं सचिव डॉ. लोकेन्द्र शर्मा ने बताया कि लगभग 40 चिकित्सकों एवं शिक्षाविदों को उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# अतिवृष्टि प्रभावित फसलों का जल्द करें आंकलन : पशुपालन मंत्री

**जयपुर**

**पशुपालन** मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्री जोराराम कुमावत ने शुक्रवार को पाली जिले के सुमेरपुर विधानसभा में बारिश से हुए व्यापक नुकसान का आकलन करने के लिए दौरा किया। उन्होंने इलाके में वर्षा प्रभावित ग्राम पंचायत बिरामी, बड़ली, नौखरा बेरा इत्यादि गांवों का जायजा लिया और लोगों से मुलाकात की। मंत्री ने ग्रामीणों से राशन वितरण और मेडिकल सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।



बांधों में जलस्तर लगातार बढ रहा है, ऐसे में सिंचाई विभाग के अधिकारियों को उनकी निगरानी के निर्देश दिए हैं। फसलों में पानी की निकासी नहीं होने से उनमें पीलापन दिखाई देने लगा है, जिससे उत्पादन प्रभावित होगा। ऐसे में फसल खराबे का सर्वे कर जल्द से जल्द रिपोर्ट तैयार करने के लिए तहसीदार व पटवारियों को निर्देश दिए गए हैं। क्षतिग्रस्त सड़कों का आंकलन कर उनके पेचवर्क करने के आदेश पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को दिए है। वहीं गांवों में ओवरफ्लो हो चुके तालाबों की निगरानी के लिए संबंधित ग्राम पंचायतों को हिदायत दी गई है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। इस दौरान श्री कुमावत ने पाली जिला कलेक्टर से दूरभाष पर वार्ता की व आवश्यक निर्देश दिए।

श्री जोराराम कुमावत ने नगरपालिका सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। इसमें उन्होंने वर्षा से हुए नुकसान की स्थिति को लेकर चर्चा की। मंत्री ने क्षतिग्रस्त भवनों, सड़कों इत्यादि की मरम्मत के लिए प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही जलभराव वाले स्थानों से पानी की निकासी के उचित प्रबंध करने के आदेश दिए।

इस दौरान तहसीलदार दिनेश आचार्य ने प्रशासन द्वारा राहत के उपायों तथा प्रभावित लोगों के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में अतिवृष्टि से हुई क्षति के आकलन के लिये पटवारियों के द्वारा सर्वे कार्य किया जा रहा है। आपदा राहत टीम अलर्ट मोड पर तैनात है। आश्रय स्थलों में लोगों के लिये भोजन, पेयजल, कपड़े, बिस्तर, इत्यादि की भी पर्याप्त व्यवस्था कर दी गयी है। प्रशासन की प्राथमिकता सर्वप्रथम लोगों को प्राथमिक राहत पहुंचाना है। तत्पश्चात उनके क्षति के आंकलन कर शीघ्र-अतिशीघ्र मुआवजा देने की कार्यवाही की जायेगी।

# टीजीटी अध्यापक भर्ती में विज्ञान के तीनों विषयों को शामिल करने की मांग

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक विज्ञान की योग्यता में जीव विज्ञान (प्राणी विज्ञान और वनस्पति विज्ञान) को शामिल करने की मांग में दाखिल याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। सुनवाई की अगली तिथि 11 सितम्बर नियत की गई है। यह आदेश न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने हेमंत कुमार व अन्य की याचिका पर दिया है। कहा गया है कि उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की 22 अप्रैल 2024 को जारी की गई नियमावली में विज्ञान टीजीटी के लिए योग्यता केवल भौतिकी और रसायन विज्ञान तक सीमित कर दिया है। यह संविधान के समानता और लोक सेवाओं में समान



अवसर के मूल अधिकारों का उल्लंघन है। मांग की गई है कि टीजीटी विज्ञान की योग्यता को नये सिरे से निर्धारित किया जाए और इसमें जीव विज्ञान को भी शामिल किया जाए। और जिन अभ्यर्थियों के पास स्नातक स्तर पर प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान और रसायन विज्ञान जैसे विषय हैं, उन्हें टीजीटी विज्ञान पद के लिए आवेदन करने की अनुमति दी जाए।

# शिक्षक शिक्षा के माध्यम से हमे जीवन जीने की राह दिखाते है – श्री शर्मा

**—शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित, —वन राज्य मंत्री ने विद्युत निगम सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण समिति की स्मारिका सारथी-2025 का किया विमोचन**

**जयपुर, 5 सितम्बर।** वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने शुक्रवार को अलवर के नॉलेज सिटी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह - 2025 में शिरकत कर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने अपने प्रतिदिन के पौधारोपण के संकल्प के तहत विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।



श्री संजय शर्मा ने भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन कर उपस्थितजन को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि एक सच्चा शिक्षक सिर्फ पढ़ाता ही नहीं, बल्कि हमें जीने की राह दिखाता है। हमारे जीवन में मां के बाद गुरु का महत्वपूर्ण स्थान है, विद्यालय में गुरु ज्ञान के साथ-साथ अभिभावक के रूप में बच्चों का संरक्षण करते हैं। गुरुजन कुंभकार की तरह बच्चों को अच्छे नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षा प्रणाली का सहयोग देने एवं शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए भामाशाहों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के ह्यएक पेड मां के नामह्य आह्वान से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा शुरू किए गए हरियालो राजस्थान अभियान के तहत विगत वर्ष सम्पूर्ण राजस्थान में 7 करोड़ 35 लाख पौधे लगाए गए। इस वर्ष प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया, जिसको पूरा करते हुए अब तक 11 करोड़ से अधिक पौधे लगाकर हरियालो राजस्थान ऐप पर मय फोटो अपलोड किए गए हैं।

वन राज्य मंत्री ने कहा कि पौधारोपण के लक्ष्य को हासिल करने में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, शिक्षा विभाग द्वारा जिले में पौधारोपण के 13 लाख के लक्ष्य को पूर्ण कर अब तक करीब 21 लाख पौधे लगाकर हरियालो राजस्थान ऐप पर मय फोटो अपलोड किए हैं। लगाए गए पौधों का संरक्षण कर हम प्रकृति एवं पर्यावरण के संरक्षण में योगदान दे सकतें हैं। जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में वन राज्यमंत्री श्री संजय शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों सम्मानित किया। वहीं बिडला ऑडिटोरियम, जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिले के शिक्षक श्री छगनलाल शर्मा एवं श्री मदन लाल यादव को सम्मानित किया गया।

वन राज्य मंत्री श्री संजय शर्मा ने पुलिस अन्वेषण भवन मैरिज गार्डन में विद्युत निगम सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण समिति के 15 वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर संगठन की स्मारिका सारथी-2025 का विमोचन किया।

## संसदीय कार्य मंत्री ने जोधपुर के बड़ली में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य का किया भूमि-पूजन

**जयपुर, 05 सितम्बर।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने जोधपुर की ग्राम पंचायत बड़ली, पंचायत समिति केरू में 55 लाख रुपए की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमि-पूजन किया। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा जयपुर में एम्स की तर्ज पर रिम्स की स्थापना की जा रही है। विधानसभा क्षेत्र लूणी में बेहतर स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना की जा रही है। सांगरिया में सैटलाइट, केरू में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना से क्षेत्रवासियों को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होगी। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं का सशक्त नेटवर्क खड़ा करने की दिशा में उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण महत्वपूर्ण कड़ी है। इस केन्द्र से ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी।



## वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना 2025 अंतर्गत विशेष रेलगाड़ी रामेश्वरम के लिए रवाना–



**जयपुर, 05 सितम्बर। श्रद्धा** और उत्साह से परिपूर्ण माहौल में शुक्रवार को जोधपुर से वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना 2025 के अंतर्गत विशेष वातानुकूलित रेलगाड़ी को देवस्थान एवं पशुपालन मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह विशेष रेलगाड़ी पाली और जवाई बांध होते हुए रामेश्वरम व मदुरई पहुंचेगी, जहां वरिष्ठ नागरिक पावन देवस्थलों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। यात्रा में जोधपुर से 300 से अधिक वरिष्ठ नागरिक सम्मिलित हुए, जबकि पाली से 200 और जवाई बांध से 126 श्रद्धालु इस आध्यात्मिक सफर से जुड़े। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों ने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि वृद्धावस्था में देवदर्शन का अवसर मिलना किसी जीवन सौभाग्य से कम नहीं है। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री जी को ह्यश्रवण पुत्रह्व की उपमा देते हुए कहा कि वे बुजुर्गों की सेवा और सम्मान की भावना के साथ वातानुकूलित ट्रेन द्वारा सुरक्षित व सुविधाजनक यात्रा का विशेष प्रबंध करवा रहे हैं।

## नौ साल पहले दिल्ली निवासी युवक से मोबाइल लूट के मामले में आरोपितों को सजा

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जनपद की विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट कोर्ट सुरेंद्र कुमार की अदालत ने गुरुवार को 9 साल पहले दिल्ली निवासी युवक से चलती ट्रेन से मोबाइल लूट के मामले में मुख्य आरोपित को 6 साल 3 माह की सजा और दूसरे को 3 साल की सजा सुनाई। दोनों आरोपितों पर क्रमशः सात और दो हजार रुपए जुमार्ना भी लगाया। दिल्ली के इंदिरापुरी पश्चिमी निवासी मोहम्मद आदिल ने न्य मुरादाबाद के थाना जीआरपी में में दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया था कि 12 जून 2016 को वह काठगोदाम से दिल्ली जा रहे थे उनका भाई ट्रेन के गेट पर बैठा हुआ था मुरादाबाद जनपद में सिरकोई भूड़ रेलवे क्रॉसिंग के पास लाइन के पास खड़े बदमाश ने रेलगाड़ी की रफ्तार धीमी होने के कारण उसका मोबाइल छीन लिया था।

मामले में जांच के बाद थाना जीआरपी पुलिस ने मुरादाबाद जनपद के थाना कुंदरकी क्षेत्र के चक फाजलपुर निवासी सरफराज उर्फ छोटू और महानगर के थाना मझोला क्षेत्र के काशीराम नगर निवासी मोहित उर्फ वांटेड को गिरफ्तार कर मोबाइल बरामद किया था। इस मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट सुरेंद्र कुमार की अदालत में चली जिसमें न्यायालय ने को दोषी करार दिया। विशेष लोक अभियोजक एससी एसटी कोर्ट आनंदपाल सिंह ने बताया कि न्यायालय ने आज सरफराज को 6 साल तीन माह की सजा और 7000 जुमार्ना लगाया जबकि दूसरे आरोपित मोहित को 3 साल की सजा और 2000 जुर्माना लगाया।

## शिक्षक जीवन के शिल्पकार व राष्ट्र निमार्ता– अच्छा शिक्षक हजार लाइब्रेरी के बराबर: सीएम

**जयपुर, 5 सितंबर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षक दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उन शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता का दिन है, जो समाज का भविष्य गढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक जीवन के शिल्पकार तथा राष्ट्र निमार्ता हैं। राज्य सरकार शिक्षकों के साथ है, इसलिए शिक्षा क्षेत्र में अनेक सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षकों के कल्याण, सम्मान, बेहतर कार्यदशाओं एवं विद्यार्थियों के उत्कृष्ट भविष्य निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री शर्मा शुक्रवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है यह हमारी नीति है। महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन का मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान प्राप्त करने के साथ-साथ जीवन को समझना और उसमें मूल्यों का समावेश करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मनुष्य और समाज का निर्माण करने वाली शक्ति है तथा इसका उद्देश्य व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास करना है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का मानना था कि एक अच्छी पुस्तक हजार दोस्तों के बराबर होती है लेकिन एक अच्छा दोस्त एक लाइब्रेरी के बराबर होता है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है एक अच्छा शिक्षक हजार लाइब्रेरी के बराबर है। शिक्षक केवल ज्ञान के भंडार नहीं हैं बल्कि स्वप्न जगाने वाले हैं। शिक्षकों के प्रेरणादायक शब्दों से निराश विद्यार्थी में आशा की किरण से विश्वास जगता है। श्री शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी अपने गुरु को देखकर जीवन मूल्यों को आत्मसात करता है। शिक्षक ज्ञान के साथ ही समाज के लिए उपयुक्त संस्कार और मूल्य भी प्रदान करते हैं। वह बच्चों में सत्य, अहिंसा, करुणा, सेवा भावना और राष्ट्रप्रेम के बीज बोते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक हमें विनम्रता, ईमानदारी, दूसरों की सेवा ही सच्ची पूजा जैसे जीवन के महत्वपूर्ण पाठ पढ़ाते हैं। प्राचीन काल से ही ऋषि-मुनियों ने तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालयों के माध्यम से समूचे विश्व को ज्ञान की गंगा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा में गुरु केवल शिक्षक नहीं, बल्कि जीवन के मार्गदर्शक होते हैं। महर्षि द्रोणाचार्य से लेकर चाणक्य तक, हमारे गुरुओं ने न केवल विद्या दी।

# भारत रक्षा संघ का चौथा राष्ट्रीय अधिवेशन 5 से 7 सितंबर तक

**आगरा**

आगरा में 5 से 7 सितंबर तक भारत रक्षा संघ का चौथा राष्ट्रीय अधिवेशन 'हिंदू जागो- देश जगेगा' की थीम के साथ बाईपास स्थित गुरुद्वारा, गुरु का ताल पर आयोजित किया जा रहा है। इस अधिवेशन में पूरे देश से संगठन के करीब दो हजार प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति और सांस्कृतिक जागरण के मुद्दों पर चिंतन और विचार विमर्श किया जायगा। संगठन के जिला अध्यक्ष रिंकू पाराशर द्वारा बताया गया कि भारत रक्षा मंच का आगरा में यह चौथा राष्ट्रीय अधिवेशन है इससे पूर्व नागपुर, भोपाल में ये अधिवेशन हो चुके हैं। भारत रक्षा मंच की नींव




राष्ट्रीय अस्मिता, संस्कृति और सुरक्षा की भावना से रखी गई है। मंच अपने स्थापना से ही निरंतर राष्ट्र विरोधी तत्वों, अवैध घुसपैठ और सांस्कृतिक हमले के विरुद्ध आवाज उठाता रहा है और हिंदुओं को जागरूक करने का काम कर रहा है। संगठन अपने प्रेणना वाक्य 'मुखर हिंदू प्रखर राष्ट्र' कि भावना के साथ राष्ट्रीय एकता, अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने के लिए अपने कार्यक्रम चलाता है। जिला अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि यह संगठन का आगरा में राष्ट्रीय स्तर का पहला कार्यक्रम है। हालांकि संगठन आगरा में सक्रिय है और अपने उपरोक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।

रिंकू पाराशर ने बताया कि प्रस्तावित राष्ट्रीय अधिवेशन में 5 सितंबर को प्रदर्शनी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य द्वारा किया जाएगा। इस दौरान प्रज्ञा ठाकुर की मौजूद रहेंगी. 6 सितंबर को कार्यक्रम के विधिवत उद्घाटन के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान अन्य महानुभावों की अतिरिक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण जटिया मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## पाण्डु नदी की तरह ही ईसन और सहायक नदियों का भी जीर्णोद्धार हो: रजनी तिवारी

**कन्नौज।** प्रभारी मंत्री/ राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, रजनी तिवारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जनपद की कानून-व्यवस्था एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।



श्रीमती तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रत्येक जनपद में एक नदी का जीर्णोद्धार किये जाने का कार्य कराया जा रहा हैं। जनपद कन्नौज में पाण्डु नदी के जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही ईशन नदी और छोटी-छोटी नदियों के जीर्णोद्धार हेतु कार्य किया जाये। जनपद में उर्वरक की उपलब्धता पर्याप्त हैं। आधार कार्ड पर भी 03 से 04 बोरियां किसानों को उपलब्ध करायी जायें। कहा कि आपरेशन कन्विक्शन के तहत 714 अपराधियों को सजा दिलाने की कार्रवाई की गई हैं। दुघर्टनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु रणनीति बनाकर कार्य किया जाये। नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान के तहत यातायात नियमों का अनुपालन कराया जाये। कन्नौज बस स्टैण्ड और तिर्वा क्रासिंग पर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ की जाये। आपरेशन त्रिनेत्र के तहत जन सहयोग से प्रमुख 4335 स्थानों पर 9320 कैमरे लगाये गये हैं। इन कैमरों की मदद से 41 घटनाओं का खुलासा किया गया । उन्होंने कहा कि गौशालाओं के बेहतर संचालन हेतु कार्य किये जा रहे हैं, जिन गौशालाओ में वर्षा के कारण जल भराव की स्थिति हैं, वहां की स्थिति ठीक करायी जाये। नंदी को नंदीशाला में रखा जाये। माह जुलाई के अभियान में 142 गौवंशो को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित किया गया हैं। एक बार पुनः अभियान चलाकर आवारा गोवंशो को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित किया जाये। मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के अन्तर्गत 1388 लाभार्थियों को 2772 गोवंशों से लाभांवित किया गया। सहभागिता योजना के तहत प्रति दिवस 50 रुपये प्रति गोवंश के भरण-पोषण हेतु दिया जाता हैं। इस योजना से अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाये।मंत्री ने कहा कि सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति का पीएचसी/सीएचसी पर त्वरित इलाज किया जाये।

## चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म, हिरासत में बाल अपचारी

**प्रयागराज।** उप्र के प्रयागराज जिले में स्थित घूरपुर थाना क्षेत्र में चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पर पुलिस मुकदमा दर्ज करके आरोपित बाल अपचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा विवेक यादव ने बताया कि गुरुवार को घूरपुर थाना क्षेत्र में एक चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित बच्ची के परिजनों की लिखित शिकायत पर तत्काल इस सम्बंध में मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने इस मामले में एक बाल अपचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आज 04 सितम्बर को थाना घूरपुर क्षेत्रांतर्गत घटित घटना एवं पुलिस कार्यवाही के सम्बंध में सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा द्वारा दी गई बाइट।

## ट्रंप का भारत पर हमला: 'भारत ने अमेरिका को नुकसान पहुंचाया'

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर एक बार फिर से हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि भारत ने वर्षों तक अमेरिका को व्यापार के मोर्चे पर 'नुकसान' पहुंचाया है, लेकिन अब वह शून्य-शुल्क व्यापार की पेशकश कर रहा है। ट्रंप का यह बयान दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों पर एक नई बहस को जन्म दे सकता है। ट्रंप ने भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को हमेशा से ही असंतुलित बताया है।

**शून्य-शुल्क की पेशकश:** ट्रंप ने कहा कि भारत की यह पेशकश सिर्फ दिखावा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत ने पहले अमेरिका से अनुचित लाभ उठाया, और अब जब वह मजबूत स्थिति में हैं, तो वह इस तरह की पेशकश कर रहा है। ट्रंप का यह बयान भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर चल रही बातचीत के बीच आया है। यह देखना होगा कि इस बयान का दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत पर क्या असर पड़ता है।

**संबंधों पर असर:** ट्रंप के इस बयान से दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों में तनाव बढ़ सकता है। भारत सरकार ने इस पर अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, यह तय है कि यह बयान भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापारिक बातचीत में एक बड़ी बाधा बन सकता है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने रूसी समकक्ष को दी परोक्ष धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन में चल रहे संघर्ष के संबंध में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को दिए गए अपने संदेश के बारे में पूछे जाने पर चेतावनी जारी की। सीएनएन की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि ट्रंप ने ओवल ऑफिस से कहा, 'राष्ट्रपति पुतिन के लिए मेरा कोई संदेश नहीं है। वह जानते हैं कि मैं किस स्थिति में हूँ, और वह किसी न किसी तरह से कोई न कोई फैसला लेंगे। उनका जो भी फैसला होगा, हम या तो उससे खुश होंगे या नाखुश, और अगर हम उससे नाखुश हैं, तो आप देखेंगे कि क्या होगा, राष्ट्रपति ने परोक्ष धमकी देते हुए कहा। रूस के खिलाफ प्रशासन की अब तक की कार्रवाइयों - या उनकी कमी - के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप स्पष्ट रूप से उत्तेजित हो गए। ट्रंप ने कहा, ÷आपको कैसे पता कि कोई कार्रवाई नहीं हुई है? क्या आप कहेंगे कि चीन के अलावा सबसे बड़े खरीदार भारत पर द्वितीयक प्रतिबंध लगाना लगभग बराबर है। क्या आप कहेंगे कि कोई ऐसी कार्रवाई नहीं हुई जिससे रूस को अरबों डॉलर का नुकसान हुआ हो?' उन्होंने कहा, 'आप इसे कोई कार्रवाई नहीं कहते।'

## इज़रायल ने हमास के युद्धविराम प्रस्ताव को ठुकराया, गाजा सिटी पर हमले जारी रखने का लिया संकल्प

**गाजा/यरूशलम।** इज़रायल ने गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए एक व्यापक युद्धविराम समझौते पर पहुँचने के हमास के प्रस्ताव को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि उसकी सेना गाजा सिटी पर एक बड़े हमले की तैयारी जारी रखेगी। हमास ने जारी एक प्रेस बयान में एक 'व्यापक समझौते' पर पहुँचने की अपनी इच्छा दोहराई जिसके तहत गाजा में इज़रायली बंधकों को इज़रायल में बंद फ़िलिस्तीनी कैदियों की एक निश्चित संख्या के बदले रिहा किया जाएगा। हमास के अनुसार, इस समझौते में स्थायी युद्धविराम, गाजा से इज़रायली सेना की वापसी, मानवीय सहायता और आवश्यक आपूर्ति के लिए सीमा चौकियों को फिर से खोलना और पुनर्निर्माण प्रयासों की शुरुआत भी शामिल होगी। हमास ने गाजा के नागरिक मामलों के प्रबंधन की तत्काल ज़िम्मेदारी लेने के लिए टेक्नोक्रेटों से युक्त एक स्वतंत्र राष्ट्रीय प्रशासन की स्थापना का भी समर्थन किया। इसके जवाब में इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस बयान को 'एक भ्रामक' बताकर खारिज कर दिया। उनके कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में नेतन्याहू ने कहा कि इज़रायल युद्ध समाप्त करने के लिए तभी सहमत होगा जब हमास गाजा पट्टी पर पूर्ण इज़रायली सुरक्षा नियंत्रण, हमास और गाजा का विसैन्यीकरण, एक गैर-फ़िलिस्तीनी प्रशासन की स्थापना और सभी बंधकों की रिहाई को स्वीकार कर ले।

## ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर भारतीयों समेत कुछ खास समूहों के प्रवासियों को लाने के दावे से पीछे हटी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की लिबरल सीनेटर जसिंटा नम्पिजिनपा प्राइस अपने उस दावे से पीछे हट गयी जिसमें कहा गया था कि देश की संघीय सरकार अपने वोटों को मजबूत करने के लिए ऑस्ट्रेलिया में भारतीयों सहित कुछ खास समूहों के प्रवासियों को ला रही है। सिडनी मार्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के मुताबिक सुश्री प्राइस ने एबीसी के आफ्टरनून ब्रीफिंग कार्यक्रम में आव्रजन मुद्दों पर चर्चा के दौरान यह दावा किया था। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि ज्यादातर ऑस्ट्रेलियाई आव्रजन को लेकर चिंतित हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि लोग 'मुख्य संख्या या आने वाले प्रवासियों के स्वरुप' को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा ,यह निश्चित रूप से मुख्य संख्या है और निश्चित रूप से इस सरकार का ध्यान अन्य देशों की बजाय विशिष्ट देशों से प्रवासियों को लाने पर है।

# लिस्बन में इलेक्ट्रिक स्ट्रीटकार दुर्घटनाग्रस्त, 15 लोगों की मौत, 18 घायल

एजेंसी

**लिस्बन।** लिस्बन के सबसे प्रसिद्ध पर्यटक आकर्षणों में से एक ग्लोरिया फनिक्युलर के दुर्घटनाग्रस्त होने से 15 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। घायलों में पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल इमरजेंसी के हवाले से दी। समाचार एजेंसी के अनुसार, पुर्तगाली राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा ने बेलेम पैलेस में गुरुवार से रविवार तक होने वाले पुस्तक महोत्सव को रद्द कर दिया है। राष्ट्रपति भवन की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान के अनुसार, यह निर्णय लिस्बन में ग्लोरिया फनिक्युलर (इलेक्ट्रिक स्ट्रीटकार) से जुड़ी गंभीर दुर्घटना के पीड़ितों की स्मृति और शोक संतप्त परिवारों के प्रति एकजुटता में लिया गया है। सभी



दलों के नेताओं ने शोक व्यक्त किया और सरकार ने गुरुवार को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित किया। लिस्बन के मेयर कार्लोस मोएदास ने इसे 'एक कठिन दिन' बताते हुए कहा कि शहर 'कड़ी मेहनत' कर रहा है। यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पुर्तगाली भाषा में पोस्ट करके अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने लिखा, 'मुझे प्रसिद्ध एलेवेडोर दा ग्लोरिया के पटरी से उतरने की खबर सुनकर दुख हुआ। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा, 'वह लिस्बन में ग्लोरिया फनिक्युलर की भयानक दुर्घटना से स्तब्ध हैं।' पोस्ट में सांचेज ने पीड़ितों के परिवारों और पुर्तगाली लोगों के प्रति 'इस कठिन घड़ी में' 'अपना पूरा स्नेह और एकजुटता' व्यक्त की। उन्होंने आगे कहा, 'घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।' इतालवी विदेश मंत्री एंटोनियो तजानी ने लिखा कि उन्होंने पुर्तगाली विदेश मंत्री पाउलो रंगेल से मुलाकात की और 'पीड़ितों के प्रति अपनी एकजुटता' व्यक्त की। लिस्बन स्थित अमेरिकी दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में दुर्घटना के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। दूतावास ने लिखा, 'लिस्बन के ग्लोरिया फनिक्युलर के पटरी से उतरने की दुखद घटना से हम स्तब्ध हैं।

## नेपाल में फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, वाट्सएप सहित अधिकांश सोशल मीडिया साइट पर प्रतिबंध का फैसला

एजेंसी

**काठमांडू।** सरकार ने संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में पंजीकरण न कराने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुङ्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई बैठक में उन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया गया जो निर्धारित समय सीमा के भीतर पंजीकरण नहीं कराया है। मंत्री गुरूंग ने बताया सरकार ने पिछली बार सभी सोशल मीडिया साइट्स को लिस्टिंग के लिए सात दिनों की समय सीमा दी थी। यह समय सीमा बीती रात 12 बजे समाप्त हो गई इसलिए आज यह निर्णय लिया गया। सरकार के इस फैसले के बाद नेपाल में फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, वाट्सएप, यूट्यूब, गूगल, मैसेंजर आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को निष्क्रिय करने के लिए नेपाल टेलीकॉम को पत्र भेज दिया गया है। नेपाल में अब तक सिर्फ टिकटक, वाइबर, निम्बज, विटक और पोपो लाइव ने ही कंपनी रजिस्ट्रार ऑफिस में रजिस्ट्रेशन करवाया है।




## पूर्वाचल प्लॉट घोटाले में ढाका की अदालत ने हसीना के बचाव की याचिका पर सुनवाई से इनकार किया

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में ढाका की एक विशेष न्यायालय ने पूर्वांचल प्लॉट घोटाले में अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना का बचाव करने की अनुमति मांगने वाली याचिका पर आज सुनवाई करने से इनकार कर दिया। द डेली स्टार अखबार ने यह खबर याचिकाकर्ता वकील मोर्शेद हुसैन शाहीन के हवाले से अपनी वेबसाइट पर दी है। वकील शाहीन ने बताया कि न्यायाधीश मोहम्मद रबीउल आलम ने इस बाबत कुछ दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि अदालत ने कहा है कि कानूनी बाधाओं के कारण इस मामले में राज्य की ओर से बचाव पक्ष नियुक्त करने की कोई गुंजाइश नहीं है।

दरअसल, पूर्वांचल न्यू टाउन परियोजना के तहत भूखंडों के आवंटन में कथित अनियमितता को लेकर हसीना, रेहाना और ट्यूलिप सहित 23 लोगों के खिलाफ दर्ज भ्रष्टाचार के तीन मामलों में आज अदालत को अभियोजन पक्ष के गवाहों के बयान दर्ज करने थे। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने 12 से



14 जनवरी के बीच अपने ढाका एकीकृत जिला कार्यालय में इस बाबत छह अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग के अनुसार हसीना ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलीभगत करके पूर्वाचल न्यू टाउन परियोजना के सेक्टर 27 के राजनयिक क्षेत्र में अपने और अपने बेटे सजीब वाजेद जॉय और बेटी साइमा वाजेद पुतुल, रेहाना और उनके बेटे रदवान मुजीब सिद्दीक बॉबी और बेटी अजमीना के लिए अवैध रूप से छह भूखंड (प्रत्येक 10 कट्ठा) हासिल किए। मौजूदा नियमों के तहत वे इसके लिए अयोग्य थे।

## हार्वर्ड विवि को ट्रंप प्रशासन के साथ टकराव में महत्वपूर्ण कानूनी जीत मिली

एजेंसी

**वाशिंगटन (अमेरिका)।** हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने ट्रंप प्रशासन के साथ टकराव में महत्वपूर्ण कानूनी जीत हासिल की। बोस्टन स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय की न्यायाधीश एलिसन डी. बरोज ने कहा कि सरकार ने यहूदी-विरोधी भावना को जड़ से खत्म करने के नाम पर अरबों डॉलर के अनुसंधान कोष को रोककर कानून तोड़ा है। कानूनविद् कहते हैं कि यह फैसला हार्वर्ड को व्हाइट हाउस के साथ समझौता वार्ता में नई ताकत दे सकता है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर में बोस्टन स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय की न्यायाधीश एलिसन डी. बरोज के फैसले की जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि यह एकमात्र विश्वविद्यालय है जिसने अपने शोध निधि पर प्रशासन के लक्षित हमले के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। न्यायाधीश बरोज ने 84 पृष्ठों के अपने फैसले में लिखा, हमें यहूदी-विरोध के खिलाफ लड़ना होगा, लेकिन हमें अपने अधिकारों की भी रक्षा करनी होगी, जिसमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार भी शामिल है और किसी भी लक्ष्य को दूसरे की वेदी पर बलिदान नहीं किया जाना चाहिए। चाहिए। उन्होंने कहा, हार्वर्ड वर्तमान में, भले ही देर से ही सही, यहूदी-विरोध से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है और जरूरत पड़ने पर और भी अधिक करने को तैयार है। न्यायाधीश एलिसन डी. बरोज ने कहा, अब अदालतों का काम है कि वे भी इसी तरह आगे आएं। संविधान द्वारा अपेक्षित शैक्षणिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए कदम उठाएं। यह सुनिश्चित करें कि महत्वपूर्ण शोध को अनुचित रूप से मनमाने और प्रक्रियात्मक रूप से कमजोर अनुदानों से न रोका जाए, भले ही ऐसा करने से अपने एजेंडे के प्रति प्रतिबद्ध सरकार के क्रोध का जोखिम हो, चाहे इसके लिए उसे कोई भी कीमत चुकानी पड़े। निर्णय के एक भाग के रूप में, न्यायाधीश बरोज ने कहा कि ट्रंप प्रशासन हार्वर्ड के संघीय अनुसंधान निधि पर %%अपने प्रथम संशोधन अधिकारों के प्रयोग के प्रतिशोध में या नागरिक अधिकार कानून की शर्तों के अनुपालन के बिना भेदभाव के किसी भी कथित आधार पर नई रुकावटें जारी नहीं कर सकता। व्हाइट हाउस ने इस फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता लिज ह्यूस्टन ने कहा, किसी भी निष्पक्ष पर्यवेक्षक के लिए यह स्पष्ट है कि हार्वर्ड विश्वविद्यालय अपने छात्रों को उत्पीड़न से बचाने में विफल रहा और वर्षों तक अपने परिसर में भेदभाव को पनपने दिया। हार्वर्ड का करदाताओं के पैसे पर संवैधानिक अधिकार नहीं है और वह भविष्य में अनुदान के लिए अयोग्य बना रहेगा। इस कठोर फैसले के खिलाफ अपील की जाएगी। हमें विश्वास है कि हार्वर्ड को जवाबदेह ठहराने में हम सफल होंगे।

## हार्वर्ड विवि को ट्रंप प्रशासन के साथ टकराव में महत्वपूर्ण कानूनी जीत मिली

एजेंसी

**वाशिंगटन (अमेरिका)।** हार्वर्ड विश्वविद्यालय ने ट्रंप प्रशासन के साथ टकराव में महत्वपूर्ण कानूनी जीत हासिल की। बोस्टन स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय की न्यायाधीश एलिसन डी. बरोज ने कहा कि सरकार ने यहूदी-विरोधी भावना को जड़ से खत्म करने के नाम पर अरबों डॉलर के अनुसंधान कोष को रोककर कानून तोड़ा है। कानूनविद् कहते हैं कि यह फैसला हार्वर्ड को व्हाइट हाउस के साथ समझौता वार्ता में नई ताकत दे सकता है।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर में बोस्टन स्थित अमेरिकी जिला न्यायालय की न्यायाधीश एलिसन डी. बरोज के फैसले की जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया है कि यह एकमात्र विश्वविद्यालय है जिसने अपने शोध निधि पर प्रशासन के लक्षित हमले के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। न्यायाधीश बरोज ने 84 पृष्ठों के अपने फैसले में लिखा, हमें यहूदी-



विरोध के खिलाफ लड़ना होगा, लेकिन हमें अपने अधिकारों की भी रक्षा करनी होगी, जिसमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार भी शामिल है और किसी भी लक्ष्य को दूसरे की वेदी पर बलिदान नहीं किया जाना चाहिए। चाहिए। उन्होंने कहा, हार्वर्ड वर्तमान में, भले ही देर से ही सही, यहूदी-विरोध से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है और जरूरत पड़ने पर और भी अधिक करने को तैयार है। न्यायाधीश एलिसन डी. बरोज ने कहा, अब अदालतों का काम है कि वे भी इसी तरह आगे आएं। संविधान द्वारा अपेक्षित शैक्षणिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए कदम उठाएं। यह सुनिश्चित करें कि महत्वपूर्ण शोध को अनुचित रूप से मनमाने और प्रक्रियात्मक रूप से कमजोर अनुदानों से न रोका जाए, भले ही ऐसा करने से अपने एजेंडे के प्रति प्रतिबद्ध सरकार के क्रोध का जोखिम हो, चाहे इसके लिए उसे कोई भी कीमत चुकानी पड़े। निर्णय के एक भाग के रूप में, न्यायाधीश बरोज ने कहा कि ट्रंप प्रशासन हार्वर्ड के संघीय अनुसंधान निधि पर 'अपने प्रथम संशोधन अधिकारों के प्रयोग के प्रतिशोध में या नागरिक अधिकार कानून की शर्तों के अनुपालन के बिना भेदभाव के किसी भी कथित आधार पर' नई रुकावटें जारी नहीं कर सकता।

## किम जोंग उन की कुर्सी की सफाई: जाने के बाद स्टाफ ने क्यों रगड़-रगड़ कर धोया

एजेंसी

**बीजिंग।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन के सार्वजनिक कार्यक्रमों के बाद अजीबोगरीब प्रोटोकॉल का पालन करने का एक मामला सामने आया है। एक वीडियो में देखा गया कि जिस कुर्सी पर किम बैठे थे, उनके जाने के तुरंत बाद स्टाफ के सदस्य उसे रगड़-रगड़कर साफ करने लगे। यह घटना दुनियाभर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

**वजह है सुरक्षा और गोपनीयता**

बताया जाता है कि इस अजीबोगरीब सफाई के पीछे किम जोंग उन की सुरक्षा और गोपनीयता की चिंता है। माना जाता है कि किम के शरीर से निकलने वाले किसी भी डीएनए या जैविक पदार्थ को मिटाने के लिए ऐसा किया जाता है, ताकि उनकी सेहत से जुड़ी कोई भी जानकारी लीक न हो सके। किम की



निजी जिंदगी और स्वास्थ्य को लेकर उत्तर कोरिया बेहद सतर्क रहता है और इसे गोपनीय रखता है।

**तैयारी और सुरक्षा की झलक**

यह घटना दिखाती है कि किम जोंग उन की सुरक्षा व्यवस्था कितनी कड़ी है। उनके हर सार्वजनिक दौरे से पहले और बाद में कड़ी सुरक्षा जांच और प्रोटोकॉल का पालन किया जाता है। स्टाफ द्वारा कुर्सी की सफाई करना भी इसी सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा है।

# भारत के नए इमिग्रेशन नियमों से नेपाल और भूटान के नागरिकों को छूट

एजेंसी

**काठमांडू।** भारत सरकार ने 2 सितंबर से पूरे देश में जो नए आप्रवासन नियम लागू किए हैं उससे नेपाल और भूटान के नागरिकों को छूट दी गई है। नए नियम में किसी भी विदेशी नागरिक को भारत प्रवेश करने पर अनिवार्य रूप से फॉर्म सी भरने का निर्देश जारी किया गया है। भारत के गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि नए आप्रवासन नियमों से नेपाल और भूटान के नागरिकों को अलग रखा गया है। गृह मंत्रालय के इस नए नियम को लेकर नेपाल में संशय उत्पन्न होने के बाद काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास ने एक बयान जारी कर नेपाल और भूटान के नागरिकों को इस नए नियम से अलग रखने की जानकारी दी गई है। भारतीय दूतावास ने साफ किया है कि भारत के गृह मंत्रालय के तरफ से 2

BUREAU OF IMMIGRATION
सत्यमेव जयते
INDIA
MINISTRY OF HOME AFFAIRS

सितंबर से लागू नए आप्रवासन नियमों से नेपाल और भूटान के नागरिकों को अलग रखा गया है। इस बयान में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भारत के गृह मंत्रालय द्वारा जारी नई गाइडलाइन के मुताबिक नेपाल और भूटान के नागरिकों को नेपाल में प्रवेश करते समय पासपोर्ट या वीजा की कोई अनिवार्यता नहीं है। नेपाल या भूटान के नागरिक अपने साथ गृह मंत्रालय द्वारा चिन्हित किसी भी परिचय पत्र के साथ भारत की यात्रा कर सकते हैं। इनमें पासपोर्ट या नागरिकता का प्रमाणपत्र या वोटर आईडी कार्ड में से कोई भी एक होने पर हवाई मार्ग या सड़क मार्ग से भारत में प्रवेश कर सकते हैं। इसके अलावा 18 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए उनके स्कूल द्वारा जारी फोटो परिचय पत्र को मान्यता दिया गया है। साथ ही विशेष परिस्थिति में नई दिल्ली स्थित नेपाली या भूटानी दूतावास और काठमांडू और थिंपू स्थित भारतीय दूतावास के द्वारा जारी प्रमाण पत्र एक बार के लिए मान्य होगा।

भारतीय दूतावास द्वारा जारी सूचना में यह भी कहा गया है कि नए आप्रवासन कानून के तहत विदेश नागरिकों को भारत में प्रवेश करने के साथ ही जो फॉर्म सी भरने की अनिवार्यता है उससे भी नेपाली और भूटानी नागरिकों को अलग रखा गया है। नेपाल और भूटान के नागरिकों के लिए किसी भी प्रकार का फॉर्म एयरपोर्ट या होटल में भरना आवश्यक नहीं है।

# नाइजीरिया में नाव दुर्घटना में 60 लोगों की मौत

एजेंसी

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य नाइजर राज्य में एक नाव के पलट जाने से कम से कम 60 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोगों को बचा लिया गया। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

बोर्गु स्थानीय सरकारी क्षेत्र के अध्यक्ष अब्दुल्लाही बाबा आरा ने कहा, नाव दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 60 हो गई है और हताहतों की संख्या बढ़ रही है।÷ उन्होंने आगे बताया कि 10 लोगों की हालत गंभीर है और कई अन्य अभी भी लापता हैं। नाइजर राज्य आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, आपातकालीन कर्मी और स्थानीय गोताखोर पीड़ितों की तलाश कर रहे हैं।यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 11 बजे



हुई, जब बोर्गु स्थानीय सरकारी क्षेत्र में गौसावा समुदाय के पास एक अतिभारित नाव एक पेड़ के ठूंठ से टकराकर पलट गई। शगुमी के जिला प्रमुख सादु इनुवा मुहम्मद ने बताया कि नाव में 100 से ज़्यादा लोग सवार थे, जिनमें ज़्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। नाइजीरिया में अक्सर नाव दुर्घटनाएँ, जो अक्सर क्षमता से अधिक सामान लादने, खराब मौसम और संचालन संबंधी त्रुटियों के कारण होती हैं, आम हैं।

## अफगानिस्तान के तखर प्रांत में 78 किग्रा अफीम के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी

**काबुल।** उत्तरी अफगानिस्तान के तखर प्रांत में पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 78 किलोग्राम अफीम बरामद किया है। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता निज़ामुद्दीन ओमीर ने यह जानकारी दी। पुलिस ने



कथित नशीले पदार्थों के तस्कर की कार की डिक्की से 78 किलोग्राम अफीम बरामद किया और वह मादक पदार्थ को तखर से किसी अज्ञात स्थान पर ले जा रहा था लेकिन पुलिस ने नियमित तलाशी के दौरान मादक पदार्थ बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि पिछले तीन दिनों में अफ़ग़ानिस्तान के उत्तरी क्षेत्र में प्रतिबंधित मादक पदार्थों की यह दूसरी बरामदगी है। इससे पहले पुलिस ने मंगलवार को उत्तरी बगलान प्रांत में 18 किलोग्राम अफीम बरामद कर पुलिस ने दो तस्करों को हिरासत में लिया था।

# पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश से 883 लोगों की मौत, इस्लामाबाद में 'बाढ़' की चेतावनी

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में जून के अंत से हो रही मूसलाधार बारिश से हर तरफ तबाही का मंजर है। इस मानसूनी बारिश में हुए हादसों में अब तक 883 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 1,200 घायल हुए हैं। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को बताया कि बुधवार देर रात से बारिश से जुड़ी घटनाओं में दो और बच्चों की जान चली गई। इनमें से एक की मौत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और दूसरे की जान इस्लामाबाद में गई। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग (पीएमडी) ने चेतावनी दी है कि ऊपरी क्षेत्रों में जारी भारी बारिश लाहौर, गुजरांवाला, रावलपिंडी और इस्लामाबाद में शहरी बाढ़ का कारण बन सकती है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने अपने राष्ट्रीय आपात संचालन केंद्र (एनईओसी) के माध्यम से अगले 12 से 24 घंटों में पाकिस्तान के कई क्षेत्रों में संभावित बारिश की चेतावनी जारी की थी। खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) और पंजाब प्रांतों को बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। केपी में



488 लोगों की मौत हो गई है और 360 घायल हुए हैं। प्रमुख पाकिस्तानी दैनिक द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, सिंध में 58, पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान (पीओजीबी) में 41, पीओके में 38, बलूचिस्तान में 26 और इस्लामाबाद में 9 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। पीएमडी ने चेतावनी दी है कि पंजाब के गंदा सिंह वाला क्षेत्र में सतलुज नदी में बाढ़ का स्तर असाधारण रूप से ऊंचा बना रहेगा, जबकि चिनाब नदी में एक नई बाढ़ पंजाब के मराला से नीचे की ओर पहुंच सकती है।

रिपोर्ट से पता चलता है कि पंजनद नदी (जहां चिनाब, रावी और सतलुज नदियां मिलती हैं) में 4 और 5 सितंबर के बीच जलस्तर बढ़ने की आशंका है, जिससे हजारों एकड़ कृषि भूमि और सैकड़ों गांवों को गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। सिंध प्रांत के गुड्डू में सिंधु नदी में भी 6 या 7 सितंबर तक बाढ़ खतरनाक स्तर तक पहुंचने की आशंका है। पीएमडी के अधिकारियों ने पंजाब, केपी, पीओजीबी और पीओके के लिए बारिश की चेतावनी जारी की है। चित्राल, दीर, स्वात, बुनेर और एबटाबाद सहित केपी के विभिन्न क्षेत्रों में छिटपुट बारिश की संभावना है। अधिकारियों ने निचले इलाकों में बाढ़ की भी चेतावनी दी है, साथ ही पहाड़ी क्षेत्रों में नदियों के उफान पर होने और भूस्खलन का खतरा भी है। पीडीएमए के अनुसार, चिनाब नदी से आई बाढ़ ने पंजाब के झांग में 261 गांवों और मुजफ्फरगढ़ में कम से कम 24 गांवों को जलमग्न कर दिया है। बाढ़ में पानी के प्रचंड बहाव ने 9,200 से ज्यादा घरों को भी नष्ट कर दिया है, जिनमें से 4,700 केपी में और 2,100 पीओके में हैं। 6,000 से ज्यादा मवेशी बह गए हैं। इस आपदा में पूरे पाकिस्तान में लगभग 240 पुलों और 670 किलोमीटर से ज्यादा सड़कों को नुकसान पहुंचाया है।

## सलमान खान के शो में गर्दा उड़ा रहीं

# नीलम गिरी

## के 5 दमदार भोजपुरी गाने, जो यूपी-बिहार में खूब सुने जाते हैं





हिंदी टेलीविजन का मोस्ट पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस का 19वां सीजन इन दिनों कलर्स और जियो हॉटस्टार पर टेलीकास्ट हो रहा है. बिग बॉस 19 के 16 कंटेस्टेंट्स को लेकर फैंस एक्साइटेड भी हैं जो इस सीजन को मजेदार बनाने के लिए खूब मेहनत भी कर रहे हैं. सलमान खान इस बार भी बिग बॉस 19 को होस्ट कर रहे हैं, और जब उन्होंने शो के ग्रैंड प्रीमियर पर भोजपुरी एक्ट्रेस नीलम गिरी को बुलाया तो सभी हैरान रह गए. कई कंटेस्टेंट्स के बारे में खबरें पहले आ गई थीं, लेकिन नीलम गिरी का आना सरप्राइज था.यूपी-बिहार के लोग तो नीलम गिरी को अच्छे से जानते हैं क्योंकि उन्हें खेसारी लाल और पवन सिंह के कई गानों में लटके-झटके दिखाते देखा गया. नीलम गिरी बिग बॉस 19 में अच्छा परफॉर्म कर रही हैं और कई लोग उनके गानों को यूट्यूब पर ढूंढ-ढूंढकर देख रहे हैं. नीलम गिरी के भोजपुरी गानों को यूट्यूब पर खूब पसंद किए जाते हैं, तो आइए आपको उनके कुछ सुपरहिट भोजपुरी गानों के बारे में बताते हैं.

'भीगे ना कजरिया': प्रवेश लाल ऑफिशियल म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर ये गाना रिलीज हुआ था. गाने को शिल्पी राज ने गाया और बोल प्यारे लाल यादव ने लिखे थे. गाने का म्यूजिक आर्या शर्मा ने तैयार किया था और गाने में नीलम गिरी के साथ दिनेश लाल यादव निरहुआ के छोटे भाई प्रवेश लाल यादव नजर आए.

'दिलवा ले गईले राजा': निरहुआ म्यूजिक वर्ल्ड के यूट्यूब चैनल पर ये गाना रिलीज किया गया था. गाने को शिल्पी राज ने गाया था और इसके बोल प्यारे लाल यादव लिखे थे. गाने का म्यूजिक आर्या शर्मा ने तैयार किया था और गाने में नीलम गिरी और प्रवेश लाल ही नजर आए थे.

'कमरिया में पीर': सारेगामा हम भोजपुरी के यूट्यूब चैनल पर ये गाना रिलीज किया गया था. खेसारी लाल यादव और शिल्पी राज की आवाज में ये गाना नीलम गिरी के साथ खेसारी पर फिल्माया गया था. इस गाने को निर्जला एनके ने लिखा और म्यूजिक मधुकर आनंद ने तैयार किया था.

'दरदे में गरदे': जीएमजे यूट्यूब चैनल पर ये गाना अपलोड किया गया था. गाने को खेसारी लाल यादव और करिश्मा कक्कड़ ने गाया जबकि इसे खेसारी और नीलम गिरी पर फिल्माया गया था. इस गाने को बोल अजय बच्चन ने लिखे थे और म्यूजिक आर्या शर्मा ने तैयार किया था.

'नथुनिया पे गोली मारे': टी-सीरीज हमार भोजपुरी यूट्यूब चैनल पर ये गाना रिलीज हुआ था. गाने को नीलकमल सिंह और शिल्पी राज ने गाया था, जबकि गाने को नीलकमल और नीलम गिरी पर फिल्माया गया था. इस गाने को बोल आशुतोष तिवारी ने लिखे और इसका म्यूजिक विनय विनायक ने तैयार किया था.

## 'लड़कियां हर हफ्ते बॉयफ्रेंड...' जब अक्षय कुमार से सगाई टूटने पर रवीना ने कही थी ये बात



बॉलीवुड के सबसे फेमस स्टार्स में से एक अक्षय कुमार ने अपनी फिल्मों के साथ ही आने अफेयर्स से भी खूब सुर्खियां बटोरी. ट्विंकल खन्ना से शादी करने के बाद भी उनका नाम प्रियंका चोपड़ा और कटरीना कैफ जैसी लेडी सुपरस्टार्स से जुड़ा था. वहीं शादी से पहले उनका नाम रवीना टंडन, शिल्पा शेट्टी, पूजा बत्रा और आयशा जुल्का के साथ जुड़ा था. उनके सबसे ज्यादा चर्चित अफेयर शिल्पा शेट्टी और रवीना टंडन के साथ थे.

बता दें कि रवीना टंडन और अक्षय कुमार ने तो सगाई भी कर ली थी. लेकिन, ट्विंकल खन्ना के लिए अक्षय ने रवीना टंडन को छोड़ दिया था. वो तो अपनी लाइफ में आगे बढ़ चुके थे. हालांकि रवीना, अक्षय से मिले धोखे को सहन नहीं कर पाई थीं. सगाई टूटने से उन्हें बहुत बड़ा झटका लगा था. इस मुद्दे को लेकर उन्होंने सालों बाद एक इंटव्यू में बात की थी.

**'मोहरा' के सेट पर परवान चढ़ा था इश्क**

अक्षय कुमार और रवीना का इश्क साल 1994 की सुपरहिट फिल्म 'मोहरा के सेट पर परवान चढ़ा था. इसमें सुनील शेट्टी के साथ रवीना और अक्षय भी लीड रोल में थे. रवीना ने बताया था कि मोहरा के जरिए हम एक हिट जोड़ी के रूप में सामने आ गए थे. आज भी जब हम किसी सोशल इवेंट में एक-दूसरे से मिलते हैं तो हम खूब बातें करते हैं.

**सगाई टूटने पर हुआ था ऐसा हाल**

अक्षय कुमार से सगाई टूटने के सवाल पर अभिनेत्री ने आगे कहा था, हर कोई आगे बढ़ जाता है. लड़कियां कॉलेज में एक-एक हफ्ते में बॉयफ्रेंड बदल लेती हैं, यहां पता नहीं क्यों मेरा दिमाग एक सगाई टूटने में ही अटका हुआ था. लोगों के तलाक हो जाते हैं और वो आगे बढ़ जाते हैं, इसमें क्या बड़ी बात है ?

**रवीना ने अनिल थडानी से की थी शादी**

बाद में अक्षय कुमार ने साल 2001 में एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना से शादी कर ली थी.

जबकि रवीना ने साल 2004 में फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर अनिल थडानी के साथ शादी करके घर बसाया था. अब दोनों दो बच्चों एक बेटे रणबीर और एक बेटी राशा के पैरेंट्स हैं. जबकि शादी से पहले ही रवीना ने पूजा और छाया नाम की दो बेटियों को भी गोद लिया था.

## 27 साल की लड़की, जिसके आगे 5 बार ढेर हुए अक्षय कुमार! 4 HIT के बावजूद हो गई थी बड़ी हार




90 के दशक में भी बॉलीवुड हीरोइनों ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया. कभी लीड रोल में आकर हीरो के सामने छा गईं. तो कभी विलेन को टक्कर देती दिखीं. ऐसी कई एक्ट्रेस हैं, जिनकी फिल्मों के आगे शाहरुख खान, अक्षय कुमार, सलमान खान समेत बड़े-बड़े एक्टर्स की एक नहीं चली. आज बात करेंगे, उस एक्ट्रेस की, जिसने 31 साल पहले अक्षय कुमार को 2-4 नहीं, 5 बार जीतने से रोक दिया. उनकी एक फिल्म ब्लॉकबस्टर भी रही, बावजूद इसके वो पहले नंबर पर आने से चूक गए. इस एक्ट्रेस का साथ अक्षय कुमार के दोस्त ने ही दिया था.

यह बात है साल 1994 की. उस साल अक्षय कुमार की कई फिल्में थिएटर्स में रिलीज हुई. खास बात यह रही कि उनकी लगभग फिल्में हिट लिस्ट में शामिल थी. शुरुआत 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी' से हुई, जो हिट रही थी. इसके अलावा अजय के साथ 'सुहाग', सैफ के साथ 'ये दिललगी', और 'ऐलान' शामिल है. पर एक फिल्म सब पर भारी पड़ गई.

**27 साल की लड़की के आगे एक न चली!**

दरअसल 1994 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'हम आपके हैं कौन' थी. जी हां, माधुरी दीक्षित और सलमान खान की जोड़ी को खूब प्यार मिला. प्रेम और निशा की फिल्म आज एक कल्ट क्लासिक बन गई है. लोग दोबारा दोनों को साथ में किसी पिक्चर में देखना चाहते हैं. 6 करोड़ में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर से 128 करोड़ का कारोबार किया था. हालांकि, जब यह फिल्म शूट हो रही थी, उस वक्त माधुरी महज 27 साल की थीं. वहीं अक्षय कुमार भी 27 साल के ही थे.

खास बात यह है कि इस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी- मोहरा. जबकि माधुरी की फिल्म पहले नंबर पर. इतना ही नहीं, अक्षय कुमार की 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी', 'सुहाग', 'ये दिललगी', और 'ऐलान' भी हिट रही थी. इन फिल्मों के बावजूद वो माधुरी से पीछे रह गए. वहीं, साल की तीसरी बड़ी फिल्म 'क्रांतिवीर' थी. जिसमें अक्षय कुमार की सास डिंपल कपाड़िया ने काम किया था. यानी एक तरह से माधुरी ने सास-दामाद को पटखनी दी.

**माधुरी की सबसे बड़ी फिल्म**

दरअसल माधुरी दीक्षित के करियर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है- 'टोटल धमाल'. भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने 155.67 करोड़ और वर्ल्डवाइड 232.18 करोड़ की कमाई की थी. पर अगर आप कमाई से हटकर देखेंगे, तो 'हम आपके हैं कौन' ने कई बड़े-बड़े रिकॉर्ड्स बनाए थे. अब भी एक्ट्रेस लगातार काम कर रही हैं. हालांकि, अब उनके पास अक्षय जितना काम नहीं है.

## 3100 करोड़ का मालिक है

# अमीषा पटेल

## का पहला हीरो, शादी के लिए मिले थे 30 हजार प्रपोजल



अमीषा पटेल बॉलीवुड की एक जानी-मानी एक्ट्रेस हैं. साल 2023 में उन्होंने फिल्म 'गदर 2' के जरिए बॉलीवुड में दमदार वापसी की थी. इस पिक्चर ने दुनियाभर में 700 करोड़ रुपये की कमाई की थी और एक बार फिर से एक्ट्रेस पर फैंस ने जमकर प्यार लुटाया था. हालांकि अमीषा का करियर ज्यादा सफल नहीं रहा है. शुरुआत में उन्होंने गजब की लोकप्रियता हासिल की थी और पहली ही फिल्म से स्टार बन गई थीं. लेकिन, फिर वो धीरे-धीरे बॉलीवुड से गुमनाम होती चली गई. जबकि उनके पहले हीरो तो आज तक बॉलीवुड में धूम मचा रहे हैं.अमीषा पटेल अपनी पहली ही फिल्म से रातोंरात स्टार बन गई थीं. इसके बाद भी उन्होने कुछ बेहतरीन फिल्में दी थीं. हालांकि उनका करियर उड़ान नहीं भर सका. दूसरी ओर उनके पहले हीरो को जो स्टारडम हासिल हुआ था वो आज तक बरकरार है. तो चलिए जान लेते हैं कि अमीषा के पहले हीरो कौन हैं और वो कितने दौलतमंद हैं ?




**अमीषा ने इस फिल्म से किया था डेब्यू**

अमीषा पटेल ने साल 2001 में आई फिल्म 'गदर' से हर किसी का दिल जीत लिया था. लेकिन, इससे पहले वो ऐसा ही जादू फिल्म 'कहो ना प्यार है' से भी चला चुकी थीं. ये उनकी पहली फिल्म थी. साल 2000 में आई इस पिक्चर में उनके साथ ऋतिक रोशन ने लीड रोल प्ले किया था. ये अमीषा के साथ ही ऋतिक की भी पहली फिल्म थी. दोनों ही अपनी डेब्यू पिक्चर से रातोंरात स्टार बन गए थे. ऋतिक का जादू तो तब से लेकर अब तक बरकरार है और वो लगातार फिल्में कर रहे हैं. फिल्म की सक्सेस के बाद ऋतिक को शादी के 30 हजार प्रपोजल मिले थे.

**3130 करोड़ की नेटवर्थ के मालिक हैं ऋतिक**

ऋतिक का करियर अमीषा की तुलना में बहुत ज्यादा सफल रहा है. उन्होंने दुनियाभर में अपनी एक्टिंग, लुक्स और डांस से खास और बड़ी पहचान बनाई है. इन दिनों फिल्म वॉर 2 में नजर आ रहे ऋतिक ने अपने करियर में 'सुपर 30', 'बैंग बैंग', 'कृष 3', 'अग्निपथ', 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा', 'धूम 2', 'कृष', 'कोई मिल गया', 'कभी खुशी कभी गम' और 'फिजा' जैसी बेहतरीन फिल्में दी हैं. वहीं उनकी नेटवर्थ की बात करें तो अभिनेता 3130 करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं.